दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



ओवर वर्क प्रेशर से परेशान है हर इंसान..........

सिर्फ सुनने देखने से नहीं........

वर्ष : 10 | अंक : 275 | लखनऊ, 16 सितम्बर, सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## पीएम मोदी ने रांची से 660 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरूआत की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



रांची ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रांची से डिजिटल माध्मय से छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ये नई वंदे भारत ट्रेनें झारखंड, ओडिशा, बिहार और उत्तर प्रदेश में चलेंगी। बता दें, पीएम मोदी झारखंड के टाटानगर से इन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने वाले थे, लेकिन कम दृश्यता और खराब मौसम की वजह से उनका हेलीकॉप्टर रांची से उड़ान नहीं भर सका। इस वजह से उन्होंने यहीं से डिजिटल माध्यम से वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार टाटानगर स्टेशन पर उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आज झारखंड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण दिन है। आज राज्य को छह नई वंदे भारत ट्रेनें, 650 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजनाएं, बेहतर कनेक्टिविटी और यात्रा बुनियादी ढांचा तथा पीएम आवास योजना के तहत हजारों लोगों को अपना घर मिलने का अतिरिक्त लाभ मिला है। मैं झारखंड के लोगों को इन उल्लेखनीय विकास पहलों के लिए हार्दिक बधाई देता हूं।'

पीएम ने आगे कहा कि पूर्वी भारत में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार से इस पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इन ट्रेनों से कारोबारियों, छात्रों को बहुत लाभ होगा। इससे यहां आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियां भी तेज होंगी। आगे बोलते हुए पीएम ने कहा, 'आज झारखंड भी उन राज्यों में शामिल हो गया है, जहां रेलवे नेटवर्क का 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन हो चुका है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड के 50 से अधिक रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प किए जा रहे हैं।'

पीएम मोदी ने जिन छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई है वो टाटानगर-पटना, ब्रह्मपुर-टाटानगर, राउरकेला-हावड़ा, देवघर-वाराणसी, भागलपुर-हावड़ा और गया-हावड़ा मार्गों पर चलेंगी। रेल मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, इन ट्रेनों के परिचालन से संपर्क सुविधा, सुरक्षित यात्रा और यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ेंगी। इसके अलावा बयान में कहा गया है कि नयी वंदे भारत ट्रेन के संचालन से इनकी संख्या 54 से बढ़कर अब 60 हो जाएगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि ये ट्रेन आवागमन के समय को कम करने में मदद करेंगी। इन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यापारियों और छात्र समुदायों को लाभ होगा। ये रेलगाड़ियां देवघर (झारखंड) में बैद्यनाथ धाम, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में काशी विश्वनाथ मंदिर, कालीघाट, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में बेलूर मठ जैसे तीर्थ स्थलों तक आवागमन का समय कम करके क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। बयान में कहा गया है कि इससे धनबाद में कोयला और खान उद्योग, कोलकाता में जूट उद्योग, दुगार्पुर में लोहा और इस्पात से जुड़े क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा।

## हर व्यक्ति की समस्या का समाधान करना सरकार की प्राथमिकता : योगी आदित्यनाथ



संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य के हर व्यक्ति की समस्या का समाधान करने के लिए प्रभावी कार्रवाई करना सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा, हर व्यक्ति की समस्या का समाधान करना एक संवेदनशील सरकार की प्राथमिकता होती है, इसलिए किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी ने आश्वासन दिया कि हर व्यक्ति की समस्या का निराकरण किया जाएगा और हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बयान में कहा गया कि जनता दर्शन में कुछ लोगों ने उनकी जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत की जिसके बाद मुख्यमंत्री ने इन मामलों में कठोर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा, यदि कोई दबंग या भू-माफिया ऐसी हिमाकत कर रहा हो तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति ही मानक होनी चाहिए।

### मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,332.72

निफटी 24,834.85

## असमः इंटरनेट सेवाओं के निलंबन के बीच ग्रुप-3 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई


एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, असम सरकार में ग्रुप-3 के रिक्त पदों को भरने के लिए कड़ी सुरक्षा और पूरे राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं के निलंबन के बीच रविवार को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। असम सीधी भर्ती परीक्षा (एडीआरई) 2,305 केंद्रों पर पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न डेढ़ बजे तक आयोजित की गई। सुबह से ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों के बाहर कतारों में खड़े देखा गया। अधिकारियों ने 429 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील परीक्षा केंद्र के रूप में चिह्नित किया था। पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न डेढ़ बजे तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रखी गईं। परीक्षा केंद्रों के बाहर सुरक्षा बलों की भारी तैनाती भी देखी गई। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, इंटरनेट सेवाएं इसलिए निलंबित की गईं कि इससे पूर्व कुछ अभ्यर्थियों ने विभिन्न मोबाइल ऐप और अन्य इंटरनेट/वाई-फाई कनेक्टिविटी का उपयोग कर परीक्षा में कदाचार किया था। परीक्षा शुरू होने से पहले, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एडीआरई ग्रुप-3 परीक्षा में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं। पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ और शांत मन से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें।

## अटल सेतु के नजदीक नयी सड़क बनने से मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे के यातायात में आएगी 50 प्रतिशत कमी : गडकरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



पुणे । केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि समुद्र पर बने अटल सेतु के नजदीक प्रस्तावित 14 लेन की सड़क बनने से मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर मौजूदा यातायात में 50 प्रतिशत की कमी आएगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सड़क एक रिंग रोड के माध्यम से पुणे को जोड़ेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री अभियंता दिवस के अवसर पर सीओईपी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित पूर्व छात्र समारोह में मुंबई-बेंगलुरु के लिए सड़क योजनाओं के बारे में बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा, मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर यातायात का भारी दबाव है। अटल सेतु के पास 14 लेन की सड़क बनाई जाएगी तो यह सड़क मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर यातायात को 50 प्रतिशत तक कम कर देगी। यह सड़क आगे रिंग रोड के माध्यम से पुणे और फिर बेंगलुरु से जुड़ेगी। अटल सेतु देश में समुद्र पर बना सबसे लंबा पुल है और यह मुंबई के शिवड़ी को नवी मुंबई से जोड़ता है। गडकरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है और अगले 25 वर्षों में सभी वाहन जीवाश्म ईंधन से नहीं बल्कि बिजली से चलेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारी तकनीक किफायती होनी चाहिए। हम सड़क बनाने के लिए कचरे का इस्तेमाल कर सकते हैं। नयी सड़कें बनाने के लिए करीब 80 लाख टन कचरे का इस्तेमाल किया गया है। इस क्षेत्र में अनुसंधानकताओं के लिए काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने केंद्र की आत्मनिर्भरता की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा कि भारत को स्मार्ट शहरों की नहीं बल्कि स्मार्ट गांवों की जरूरत है। गडकरी ने कहा, किसानों के जीवन स्तर में सुधार होना चाहिए। तभी हम उन्हें आत्मनिर्भर कह सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अल्मोड़ा में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, दो घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

अल्मोड़ा : उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले की भनोली तहसील में एक कार के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गए। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार यह दुर्घटना शुक्रवार देर रात दस बजे सुवाखान-दोरबा मोटर मार्ग पर सागड़ा के समीप हुई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस तथा राज्य आपदा प्रतिवादन बल की टीम ने बचाव एवं राहत कार्य चलाया और शवों को सड़क तक लाए। घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लमगड़ा में भर्ती कराया गया है।

## समुद्री मार्ग से दुनिया का चक्कर लगाएंगी भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी

### तीन साल से खुद को कर रही थीं तैयार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी, लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए. और लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. जल्द समुद्री मार्ग से दुनिया का चक्कर लगाएंगी। नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने रविवार को बताया कि रूपा और दिलना भारतीय नौसेना के नौकायन जहाज आईएनएसवी तारिणी पर सवार होकर दुनिया का चक्कर लगाने के अभियान पर रवाना होंगी। उन्होंने बताया कि दोनों महिला अधिकारी पिछले तीन साल से सागर परिक्रमा अभियान की तैयारी कर रही हैं।

मधवाल ने कहा, ह्लसागर परिक्रमा एक कठिन यात्रा होगी, जिसके लिए अत्यधिक कौशल, फिटनेस और मानसिक सतर्कता की जरूरत पड़ेगी। दोनों महिला अधिकारी बेहद कठोर प्रशिक्षण ले रही हैं। उनके पास हजारों मील की समुद्री यात्रा का अनुभव है।ह्व मधवाल के मुताबिक, रूपा और दिलना विश्व भ्रमणकर्ता और गोल्डन ग्लोब रेस के नायक कमांडर (सेवानिवृत्त) अभिलाष टॉमी की देखरेख में प्रशिक्षण हासिल कर रही हैं। उन्होंने बताया कि छह-सदस्यीय चालक दल की सदस्य के रूप में दोनों महिला अधिकारियों ने पिछले साल एक अंतर-महासागरीय अभियान में हिस्सा लिया था, जो गोवा से केप टाउन होते हुए रियो डि जिनेरियो गया था और वापस आया था।

मधवाल के अनुसार, इसके बाद रूपा और दिलना ने डुअल-हैंड मोड में गोवा से पोर्ट ब्लेयर तक और पोर्ट ब्लेयर से गोवा तक की समुद्री यात्रा की थी। उन्होंने बताया कि दोनों महिला अधिकारियों ने इस साल की शुरूआत में गोवा से मॉरीशस के पोर्ट लुईस तक की समुद्री यात्रा भी डुअल-हैंड मोड में सफलतापूर्वक पूरी की थी।

मधवाल ने कहा, ह्लभारतीय नौसेना ने समुद्री विरासत को संरक्षित करने और नाविक कौशल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए नौकायन परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए कई अहम प्रयास किए हैं।ह्व उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना ने आईएनएस तरंगिनी और आईएनएस सुदर्शिनी जैसे प्रशिक्षण जहाजों और आईएनएसवी म्हादेई तथा आईएनएसवी तारिणी जैसे नौकायन जहाजों के माध्यम से समुद्री नौकायन अभियानों में अग्रणी भूमिका निभाई है।

## राजस्थान में सड़क दुर्घटना में छह तीर्थयात्रियों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजस्थान के बूंदी जिले में रविवार तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक वैन को टक्कर मार दी जिससे छह तीर्थयात्रियों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मध्य प्रदेश के देवास जिले के नौ तीर्थयात्री राजस्थान के सीकर स्थित खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे तभी बूंदी में सुबह करीब पांच बजे यह दुर्घटना हुई। उसने बताया कि मृतकों की पहचान मदन नायक, मांगीलाल नायक, महेश नायक, राजेश और पूनम के रूप में की गई है। इनकी उम्र 16 से 40 वर्ष के बीच थी। पुलिस ने बताया कि एक शव की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। हिंडोली थाने के क्षेत्राधिकारी पवन मीना ने पीटीआई- को बताया कि ट्रक गलत दिशा से आ रहा था और उसने तीर्थयात्रियों की वैन को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।


### राजस्थान में सड़क दुर्घटना में छह तीर्थयात्रियों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजस्थान के बूंदी जिले में रविवार तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक वैन को टक्कर मार दी जिससे छह तीर्थयात्रियों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मध्य प्रदेश के देवास जिले के नौ तीर्थयात्री राजस्थान के सीकर स्थित खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे तभी बूंदी में सुबह करीब पांच बजे यह दुर्घटना हुई। उसने बताया कि मृतकों की पहचान मदन नायक, मांगीलाल नायक, महेश नायक, राजेश और पूनम के रूप में की गई है। इनकी उम्र 16 से 40 वर्ष के बीच थी। पुलिस ने बताया कि एक शव की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है।

## पीडीपी कश्मीर मुद्दा, अनुच्छेद 370 को दफन करने से भाजपा को रोकने के लिए चुनाव लड़ रही: महबूबा मुफ्ती

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



कुलगाम (जम्मू कश्मीर) । पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव केवल विकास कार्य करने के लिए नहीं लड़ रही है, बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कश्मीर मुद्दा और अनुच्छेद 370 को दफन करने से रोकने के लिए लड़ रही है। महबूबा ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह भाजपा के लिए शर्म की बात है जो कहती रही है कि स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन वे पिछले 10 वर्षों में जम्मू कश्मीर में चुनाव नहीं करा सके। लोग नाराज हैं, उनका दम घुट रहा है। वे चाहते हैं कि एक ऐसी सरकार बने जो उनकी चिंताओं को दूर कर सके और उनकी मुश्किलों को खत्म कर सके।

पीडीपी प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी केवल नालियों और गलियों के निर्माण के लिए चुनाव नहीं लड़ रही है। उन्होंने कहा, हम इसलिए चुनाव लड़ रहे हैं कि भाजपा कश्मीर मुद्दा और अनुच्छेद 370 को दफन करना चाहती है। वह (भाजपा) चाहती है कि हर कोई केवल चुनाव के बारे में बात करे। उन्होंने कहा, लेकिन हम इस बात पर अड़े हुए हैं कि कश्मीर मुद्दे का समाधान बहुत जरूरी है।

अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और गांधी परिवार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कटाक्ष के बारे में पूछे जाने पर महबूबा ने कहा, उन्होंने कहा था कि वह लोगों के (बैंक) खातों में 15 लाख रुपये जमा करेंगे और हर साल दो करोड़ नौकरियां देंगे। क्या उन्होंने दो करोड़ नौकरियां दी हैं? तो वह जो कुछ कहते हैं, मैं उसका क्या जवाब दूं। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर उनकी पार्टी फिर से सत्ता में आती है, तो वह सबसे पहले पारदर्शी तरीके से करीब एक लाख सरकारी पदों के लिए त्वरित आधार पर भर्ती करेंगी। उन्होंने कहा, हम दिहाड़ी मजदूरों को स्थायी करेंगे। हम रोजगार के अवसर मुहैया करने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों को यहां लाने का भी प्रयास करेंगे।

## अग्निपरीक्षा देना चाहते हैं अरविंद केजरीवाल

### दो दिन बाद दिल्ली सीएम ने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की, जनता पर छोड़ा फैसला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दो दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाला मामले में कुछ शर्तों के साथ जमानत दी थी, जिसके बाद आज रविवार को वह पहली बार आम आदमी पार्टी के मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने आप कार्यकताओं को संबोधित किया और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। इसी के साथ उन्होंने एक बड़ा ऐलान किया। केजरीवाल ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि आज से 2 दिन बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे।

### दो दिन बाद इस्तीफा देने का किया ऐलान

इस्तीफा देने का ऐलान करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, आज से 2 दिन बाद मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दूंगा। अब जब तक दिल्ली की जनता अपना फैसला नहीं सुना देती है तब तक मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूँगा। मैं जनता के बीच में जाऊंगा, गली-गली में जाऊंगा, घर-घर में जाऊंगा और जब तक जनता का फैसला नहीं मिल जाता, तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। जेल से बाहर आने के बाद अग्निपरीक्षा देना चाहता हूं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, ...मैं 2 दिन बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। जब तक जनता अपना फैसला नहीं दे देती, मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा... मैं हर घर और गली में जाऊंगा और जब तक जनता का फैसला नहीं मिल जाता

### विधायकों की बैठक में होगा अगले मुख्यमंत्री पर फैसला

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई पाबंदियों के कारण हम काम नहीं कर पाएंगे। यहां तक ??कि उन्होंने भी हम पर पाबंदियां लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अगर आपको लगता है कि मैं ईमानदार हूं, तो मुझे बड़ी संख्या में वोट दें। मैं चुने जाने के बाद ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। चुनाव फरवरी में होने हैं। मैं मांग करता हूं कि नवंबर में महाराष्ट्र चुनावों के साथ चुनाव कराए जाएं। चुनाव होने तक पार्टी से कोई और मुख्यमंत्री होगा। अगले 2-3 दिनों में विधायकों की बैठक होगी, जिसमें अगले मुख्यमंत्री पर फैसला होगा।

### भाजपा पर केजरीवाल का आरोप

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, इन्होंने (भाजपा) एक और नया फॉमूर्ला बनाया है जहां जहां ये चुनाव हारे वहां-वहां के मुख्यमंत्री पर फर्जी केस करके गिरफ्तार कर लो और उसकी सरकार गिरा दो। इन्होंने सिद्धारमैया, पिनाराई विजयन, ममता दीदी पर केस करके रखें हैं। ये एक विपक्ष के मुख्यमंत्री को नहीं छोड़ते सभी पर फर्जी केस करके जेल में डालते हैं और सरकार गिरा देते हैं।

## संक्षेप

### ईडी के निशाने पर शाइन सिटी की कई बेनामी संपत्तियां, रियल एस्टेट में था बड़ा निवेश

DIRECTORATE OF ENFORCEMENT · प्रवर्तन निदेशालय

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) निवेशकों से ठगी के मामले में शाइन सिटी संचालकों की कई ऐसी कीमती संपत्तियों की भी पड़ताल कर रहा है, जो अब तक सामने नहीं आ सकी हैं। शाइन सिटी के मुख्य संचालक राशिद नसीम ने अपने करीबियों व एजेंटों की मदद से बेनामी संपत्तियां भी जुटाई थीं। विभिन्न फर्जी कंपनियों के माध्यम से ठगी की रकम से मुंबई व दिल्ली समेत अन्य बड़े शहरों में रियल एस्टेट में बड़ा निवेश किया गया था। कई संपत्तियां चिन्हित भी की गई हैं, जिन्हें जल्द जब्त किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि ईडी ऐसी कई संपत्तियों के बारे में और जानकारी जुटाने के लिए जेल में बंद कुछ एजेंटों से नए सिरे से पूछताछ किए जाने की तैयारी भी कर रहा है। पूर्व में की गई छापेमारी के दौरान ईडी के हाथ बोगस कंपनियों के जरिए किए निवेश के अहम दस्तावेज लगे थे।

#### 29.11 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

ईडी ने शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य संचालक राशिद नसीम के करीबी हिमांशु कुमार की 29.11 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। हिमांशु कुमार की कुछ और संपत्तियों को लेकर भी पड़ताल चल रही है। संदेह है कि उन्हें भी शाइन सिटी के निवेशकों से ठगी गई रकम से खरीदा गया था। ईडी मामले में अब तक 189.39 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त कर चुका है। ईडी ने नवंबर 2023 में राशिद नसीम की एजेंट शशि बाला को गिरफ्तार किया था। राशिद के करीबियों व एजेंटों के कई ठिकानों पर छानबीन की गई थी, जिसमें कई ऐसी संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज भी मिले थे, जिनकी जानकारी जांच एजेंसियों को नहीं थी।

# परवर पश्चिम के श्रद्धालुओं ने किया रामरथ से अयोध्या दर्शन

## डॉ. राजेश्वर सिंह ने निजामपुर मझिगांव में स्थापित कराया 39वां गर्ल्स यूथ क्लब, खेल संसाधन पाकर खिले बेटियों के चेहरे

- निजामपुर मझिगांव में आयोजित हुआ आपका विधायक – आपके द्वार जनसुनवाई शिविर
- जय श्रीराम के नारों के साथ परवर पश्चिम से रवाना हुई 29वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा बस सेवा
- डॉ. राजेश्वर सिंह का संकल्प सरोजनीनगर के हर बुजुर्ग को रामरथ बस सेवा से कराया जाएगा भव्य राममंदिर के दर्शन

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी लखनऊ की सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए रविवार का दिन विशेष रहा, एक तरफ 29वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा निःशुल्क बस सेवा का संचालन कर ग्राम पंचायत परवर पश्चिम के श्रद्धालुओं को अयोध्या के दर्शन कराया गया तो दूसरी तरफ अर्जुनगंज मण्डल के अंतर्गत ग्राम पंचायत निजामपुर मझिगांव में 88वां 'आपका विधायक - आपके द्वार' जन सुनवाई शिविर आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं गईं एवं गाँव की शान पहल के अंतर्गत 4 ग्रामीणों को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के साथ ही निजामपुर मझिगांव में 39वां गर्ल्स यूथ क्लब स्थापित कर बेटियों को कैरम, वॉलीबॉल, फुटबॉल आदि खेलों की किट प्रदान की गईं।

बता दें कि सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से प्रत्येक महीने में 2 दिन रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा फ्री बस सेवा का संचालन किया जाता है, जिसके माध्यम से हर बार अलग - अलग गावों के बुजुर्गों और महिलाओं को अयोध्या दर्शन कराया जाता है। यात्रा के दौरान उन्हें उनके गाँव से लाने ले जाने से लेकर रास्ते में नाश्ता, पानी तक की व्यवस्था विधायक कार्यालय के माध्यम से की जाती है। वापसी के समय श्रद्धालुओं को प्रसाद और श्रीमदभगवत गीता की प्रति देकर सम्मानित किया जाता है।

'आपका विधायक - आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित अनोखी पहल है जिसके माध्यम से विधायक की टीम हर रविवार एक गाँव में लैपटॉप, प्रिंटर और अन्य आवश्यक संसाधन लेकर पहुँचती है। इस दौरान विधायक की टीम द्वारा ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं जाती हैं और उनके समाधान के लिए सार्थक प्रयास किया जाता है। शिविर के दौरान ही गाँव के 4 मेधावियों को सम्मानित किया जाता है। निजामपुर मझिगांव में आयोजित शिविर के दौरान ग्रामवासियों ने वृद्धावस्था पेंशन से सम्बंधित 11 विधवा पेंशन से सम्बंधित 7, किसान सम्मान निधि से सम्बंधित 5 सहित करीब 35 समस्याओं / सुझावों से अवगत कराया। गाँव की शान पहल के अंतर्गत इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले निजामपुर मझिगांव गाँव के 2 मेधावियों आकांक्षा तिवारी (71%) एवं कृष्णा शर्मा (65.34%) तथा हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक पाने वाले 2 मेधावियों शुभम रावत (89.4%) व रक्तिमा पाल (78.2%) को डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही बूथ अध्यक्ष निजामपुर, मझिगवां आशीष प्रताप एवं राज कुमार लोधी, हसनपुर खेवली के बूथ अध्यक्ष अनिल रावत, बरौना बूथ अध्यक्ष कंधई लाल, राज कुमारी, प्रेमावती, चेतराम, शंकर दास, खुशपाला, अशर्फी लाल, राज कुमारी, पुत्तीलाल, हनुमान शर्मा, राकेश रावत एवं सत्य नाम को सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामवासियों को सरोजनीनगर की पहचान बन चुकी ताराशक्ति रसोई के माध्यम से ताजा - पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया।

# कई वर्षों बाद गांवों में ऐतिहासिक रामडोल शोभा यात्रा निकाली गई

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज के मऊ ग्राम वासियों के तत्वावधान में रविवार के दिन लगभग ग्यारह वर्ष बाद गांव की प्राचीन भव्य एवं ऐतिहासिक रामडोल शोभायात्रा निकाली गई इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में भगवान श्री ठाकुर जी महाराज की प्रतिमूर्ति एवं झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं। आम जनमानस को दर्शन देने के लिए भगवान अपनी पालकी में गाजेझबाजे के साथ भ्रमण पर निकले इस शोभायात्रा में जगह-जगह प्रभु की झांकी की पूजा अर्चना की गई भक्तजनों ने भगवान के अलौकिक दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। कहीं-कहीं पर श्रद्धालु भक्ति से भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे विभिन्न स्थानों पर प्रभु भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई शांतिपूर्ण माहौल में कार्यक्रम सम्पन्न कराने में स्थानीय नागरिकों की सराहनीय भूमिका रही इस मौके पर सम्पूर्ण ब्रह्मांड, ₹हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की₹ के गगनचुंबी नारों से गुंजायमान हो रहा था इस स्वर्णिम अवसर पर सैकड़ों की तादाद में ₹प्रभु भक्त₹ एवं ₹श्रृद्धालु₹ उपस्थित रहे

# किसान से बहला फुसलाकर जमीन का करवाया बैनामा, मुकदमा दर्ज




अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ. मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत अनपढ़ व्यक्ति को बहला फुसलाकर जमीन बैनामा करवा लेने और पूरा पैसा ना देने के संबंध में लिखित शिकायत करते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया गया है कि सीता पत्नी बबलू निवासी सराय करोरा नगराम ने विपक्षी सीताराम पुत्र शिवराम निवासी नगराम ने मेरे पति को बहला फुसलाकर मोहनलालगंज तहसील ले जाकर मेरे आवासी प्लांट को दो लाख पन्द्रह हजार की बात कह कर वा मौके पर सिर्फ एक लाख देकर जमीन बैनामा करवा लिया। बाकी पैसा बाद में देने की बात कह कर टाल दिया।कुछ समय पश्चात बाकी का पैसा मांगने जब विपक्षी सीताराम के पास गई तो विपक्षी पैसे देने से इनकार करते हुए वा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसके संबंध में पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है वही मोहनलालगंज पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# साइकिल से जा रहे युवक से मोबाइल छीन, बाइक सवार बदमाश फरार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। कोचिंग से वापस घर लौट रहे साइकिल सवार युवक से अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मार के मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

माल थाना क्षेत्र के ग्राम लोधखेड़ा निवासी अशोक कुमार ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि वह रविवार दोपहर बाद रोज की तरह माल से एक कोचिंग से क्लास कर अपनी दो बहनों के साथ अलग-अलग साइकिलों पर सवार होकर वह मोबाइल फोन पर किसी से बात करते हुए अपने घर वापस लौट रहा था तभी नारायनपुर और वीरपुर के बीच भदौरिया के बाग के पास पहुंचते ही ब्लैक अपाचे बाइक सवार अज्ञात दो बदमाशों ने सरेराह उसके गाल पर तेज झपट्टा मार के मोबाइल फोन छीन लिया जिससे उसके गाल पर नाखून लगने के कई निशान भी आ गए और जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक बाइक सवार बदमाश तेज गति से बाइक लेकर फरार हो गए। जिससे युवक गाड़ी का नंबर भी नहीं पहचान सका. और गांव पहुंचने पर युवक ने घटना की जानकारी अपने परिचितों और परिजनों को दी। एकत्र होकर कई लोग मौके पर पहुंचे मगर आरोपी इससे पहले वहां से फरार हो चुके थे। पीड़ित ने माल पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक विनय चतुर्वेदी ने बताया कि युवक से मोबाइल छीने जाने की जानकारी मिली है जिसकी जांच की जा रही है, जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किसान मजदूर संगठन की बैठक का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ. मोहनलालगंज के समेसी में राकश बीर बाबा के मंदिर पर रविवार के दिन राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की अहम बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन में लखनऊ मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह ने बैठक में हुई चर्चा कि जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में पूर्व में किसानों को दिए गए पट्टाधारकों को कब्जा दिलने की आपस में चर्चा हुई इसके साथ ही गांव की चक्बंदी करने की बात प्रमुख रही, किसान पदाधिकारियों ने अस्वस्थ किया तथा एम्-एस पी गारंटी कानून बनने, भूमि सर्किल रेट बढ़ाने, घरौनी वितरण, सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने की बात चर्चा में कही गई। बैठक में शामिल किसानों ने इन बातों का समर्थन किया। इस दौरान बैठक में जिला महामंत्री रामसिंह, दिनेश कुमार ब्लाक अध्यक्ष मोहनलालगंज, दुर्गेश कुमार, साहबदीन फौजी, राम पाल राजपूत राजेश कुमार संजय दादा, सुरेन्द्र कुमार श्रीकृष्ण दास शिवपूजन सहाय, संतोष कुमार आदि दर्जनों किसान मौजूद रहे

# राष्ट्रवादी पीपुल्स पार्टी की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।रविवार को दारूलशफा में राष्ट्रवादी पीपुल्स पार्टी, उत्तर प्रदेश की कार्य समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 आर0 बी0 सिंह थे और अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आचार्य रमेश ने किया। डा0 आर0 बी0 सिंह ने पार्टी के उदेश्य और समसामयिक मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें 2027 की विधानसभा चुनाव पर फोकश करना होगा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों की योजना बना कर आगे बढ़ना होगा। प्रदेश अध्यक्ष आचार्य रमेश ने कार्य समीक्षा के दौरान संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान, प्रदेश प्रकोष्ठों तथा जिला प्रभारियों एवं अध्यक्षों के कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्हें नये लक्ष्य की ओर बढने का आग्रह किया। बैठक में यूपी विधानसभा के उपचुनावों में भाग लेने पर सहमति नही बनी और यह विषय जिला समितियों पर छोड़ दिया गया। जिला समितियों से प्रस्ताव प्राप्त होने पर विचार किया जायेगा। जल्द ही पार्टी योजना एवं क्रियान्वन समिति का गठन करेगी तथा आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए एक सर्वेक्षण समिति का भी गठन किया जायेगा। सर्वेक्षण समिति विधानसभाओं का आकलन कर अपनी रिपोर्ट देगी। बैठक मे बिशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा0 सुनीत मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव अध्यात्म सिंह, राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश प्रभारी रमेश मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव राम किशोर चौरसिया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्याम मूर्ति गुप्त, प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन नरेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डा0 अरुण कुमार द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सन्दीप शुक्ला, प्रदेश सचिव शिव कुमार सिंह, प्रदेश सचिव सुरेश यादव, प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह, प्रदेश सदस्य विनोद अग्रवाल, केशव प्रसाद सिंह, शैलेन्द्र सागर तिवारी, राहुल यादव, लक्ष्मी शंकर चौरसिया, जिला अध्यक्ष लखीमपुर अजय कुमार राठौर, जिला उपाध्यक्ष पुश्पेन्द्र सिंह, जिला महासचिव राकेश वर्मा, श्री दौलत राम और रवि कुमार भार्गव आदि उपस्थित रहे।

# लखनऊ में महिला कांग्रेस ने शुरू किया सदस्यता अभियान

## महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाएं घट रही हैं. एफआईआर तक नहीं दर्ज हो रही है : अरफा खानम

### ममता चौधरी ने योगी सरकार पर साधा निशाना

अमन लेखनी समाचार






**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश लखनऊ रविवार को महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर महिला सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई. एडवोकेट अरफा खानम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आए दिन महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाएं घट रही हैं. उनकी एफआईआर तक दर्ज नहीं की जाती.उत्तर प्रदेश में महिला कांग्रेस ने शुरू किया मैंबरशिप कैंपेन लखनऊः भारत में महिलाओं के राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 सितंबर 1984 को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने महिला कांग्रेस की स्थापना की थी. रविवार को महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 'महिला सदस्यता अभियान' लॉन्च किया. उत्तर प्रदेश में 'महिला सदस्यता अभियान' की पर्यवेक्षक सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट अरफा खानम और उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस मध्यजोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेसवार्ता की और महिला सदस्यता अभियान की प्रदेश में शुरूआत की.एडवोकेट अरफा खानम ने महिला कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित महिलाओं को बधाई दी. कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने खोखले वादे किये हैं. उत्तर प्रदेश में आए दिन महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाएं हो रही हैं. उनकी एफआईआर तक दर्ज नहीं की जाती. यह दशार्ता है कि भाजपा सरकार महिलाओं की प्रति कितनी असंवेदनशील है. उन्होंने कहा कि अयोध्या स्थित राम मंदिर में अपराधियों ने एक 20 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है. सूबे के मुख्यमंत्री का यह बयान कि अगर किसी चौराहे पर महिला के साथ अभद्रता होगी, तो अगले चौराहे पर अपराधियों को यमराज मिलेंगे. महिला कांग्रेस जानना चाहती है कि यमराज कहां हैं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रही है. खानम ने कहा कि महिला कांग्रेस ने महिलाओं की प्रमुख तीन मांगों (महिला सुरक्षा, महंगाई, महिला सशक्तिकरण) को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया गया जो उन्हें दिलाने तक निरंतर जारी रहेगा.

### महिला कांग्रेस जानना चाहती है कि यमराज कहां हैं

उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है. हमें उनकी आवाज बनकर उनके मुद्दों एवं समस्याओं को हल कराने के लिए संघर्ष करना होगा. महिला कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर हम महिला कांग्रेस की महिलाएं संकल्प लेते हैं कि प्रदेश भर में जहां कहीं भी महिलाओं पर अत्याचार की वारदात होगी, हम पीड़ित महिला को न्याय दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे कांग्रेस के स्थापना दिवस सदस्यता अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर प्रदेश महासचिव पुष्पा दूबे,अमेठी कांग्रेस कमेटी महासचिव गीता सिंह, जिलाध्यक्ष ममता पांडेय आदि सैकडो महिलाएं उपस्थित रही

# हरिकेश रावत की अगुवाई में शैक्षिक संवर्धन कार्यशाला का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ, राजधानी लखनऊ के नगर पंचायत क्षेत्र नगराम के इस्माइलनगर गांव में फाउंडेशन के विधान सभा अध्यक्ष हरिकेश रावत की अगुवाई में शैक्षिक संवर्धन कार्यशाला का आयोजन करके उन्हे शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शैक्षिक जीवन के बारे विशेष विषय पर चर्चा करके शैक्षिक जीवन के भविष्य को बेहतर बनाने हेतु प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शित किया गया तथा नौवी, दसवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं के छात्र छात्राओं की सामान्य बुद्धि परीक्षा कराकर उनकी बौद्धिक, तार्किक, एवम् मानसिक क्षमता को मापा गया और प्रतिभागी बच्चों को स्कूल बैग देकर और प्रतिभावान विद्यार्थियों को विशेष रूप बैग व अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से फाउंडेशन के संरक्षक उमेश कनौजिया, अध्यक्ष सर्वेश कुमार प्रधान, संस्थापक महासचिव अधिवक्ता दुर्गेश कुमार अम्बेडकर, जिला महामंत्री हरिराम रावत, युवा विंग से वीरेंद्र रावत, एवम् कार्यशाला आयोजन को सफल बनाने में सहयोग के रूप में विधान सभा अध्यक्ष हरिकेश रावत, अध्यापक अतुल कुमार, विनोद रावत, सुधीर रावत एवम् कई लोग मौजूद रहे।

# रानीपुर टाइगर रिजर्व के पास अवैध खनन पर लगेगी लगाम

### पर्यटन और वन विभाग ने लिया एक्शन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश में ईको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चित्रकूट में बनाए गए प्रदेश के चौथे रानीपुर टाइगर रिजर्व के पास हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाने का निर्णय पर्यटन व वन विभाग ने लिया है। पर्यटन विभाग को रानीपुर टाइगर रिजर्व के पास मध्य प्रदेश की तरफ से अवैध खनन की सूचना मिली है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह मौके की पड़ताल करके रिपोर्ट दें। इसके बाद मध्य प्रदेश सरकार से कार्रवाई के लिए संपर्क किया जाएगा। रानीपुर में विकसित किए गए प्रदेश के चौथे टाइगर रिजर्व में बाघों के संरक्षण की योजना पर काम किया जा रहा है।

### ईको पर्यटन को बढ़ावा देने को उपलब्ध कराई जा रही ढेरों सुविधाएं

सरकार की कोशिश है कि बुंदेलखंड क्षेत्र में ईको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस संबंध में बीते दिनों पर्यटन भवन में हुई बैठक में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार की योजनाओं पर चर्चा के अलावा अवैध खनन के मुद्दे पर भी चर्चा की गई।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए दो स्थानों पर बसायी जाएगी टेंट सिटी

### पर्यटन विभाग ने शुरू की तैयारियां

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रयागराज में अगले वर्ष आयोजित होने वाले महाकुंभ की मेजबानी के लिए प्रयागराज प्रशासन के साथ पर्यटन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने पीपीपी मोड पर अरैल व झूंसी में सिटी बसाने की योजना पर कार्य शुरू कर दिया है। इस बारे में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपीएसटीडीसी की ओर से परेड मैदान में पहले की तरह पारंपरिक टेंट सिटी बसायी जाएगी। यह टेंट सिटी तीन अलग-अलग श्रेणियों विला, महाराजा और स्विस काटेज में विभाजित होगी। इसके अलावा, अरैल व झूंसी में पीपीपी मोड पर टेंट सिटी बसायी जाएगी। झूंसी में ढाई एकड़ में टेंट सिटी का निर्माण होगा, जिसमें 200 काटेज तैयार होंगे।

### अरैल में 25 एकड़ में बनेगी टेंट सिटी

यहां सुपर डीलक्स, प्रिमियम, विला श्रेणी में सुविधाएं मिलेंगी। अरैल में 25 एकड़ में बनने वाली टेंट सिटी में 2,000 काटेज होंगे। यहां डीलक्स, सुपर डीलक्स और लग्जरी श्रेणी की सुविधाएं मिलेंगी। टेंट सिटी में आध्यात्मिक माहौल के साथ, योग, यज्ञ, प्रवचन, भजन संध्या, प्राकृतिक चिकित्सा, रिवर व्यू, सांस्कृतिक गतिविधियां, साइकिलिंग के साथ-साथ स्वदेशी व स्थानीय स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की जा रही है। आगंतुकों को अध्यात्म के साथ रोमांच का अनुभव मिले, इसके लिए वाटर स्पोर्ट्स, पैरासेलिंग या पैरामोटरिंग का प्रबंध किया गया है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज की पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए मेला मैदान के अरैल घाट पर वाटर स्पोर्ट्स के आयोजन की भी योजना है।

## संक्षेप

### जन अरोग्य स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ रश्मि वर्मा, डॉ अर्चना ने मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 52 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। वहीं मेले में आये खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की जांच की गई।

### अवैध असलहा कारतूस समेत युवक गिरफ्तार

शुक्लागंज, उन्नाव। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि रविवार को एसपी के निर्देश पर मरहला चौकी पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिला की सरैयां क्रासिंग के पास एक संदिग्ध खड़ा है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस को देख वह भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली। जहां उसके पास से पुलिस ने 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किया। पूछताछ में उसने अपना नाम चंपापुरवा निवासी सूरज निषाद बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

### अपना दल एस की संपन्न हुई मासिक बैठक

बांगरमऊ, उन्नाव। अपना दल एस की बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं की हरदोई रोड स्थित हरित लोक ढाबा के निकट सेक्टर समीक्षा की मासिक बैठक हुई। जिसमें जनपद के कार्यकताओं द्वारा जनपद के जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा पदोन्नति कर लखनऊ मंडल का उपाध्यक्ष मनोनीत करने पर समस्त जिला इकाई द्वारा मंडल उपाध्यक्ष बनने पर भव्य स्वागत किया गया तथा एक दूसरे को मिष्ठान वितरण कर हर्ष व्यक्त किया गया। तत्पश्चात कार्यवाहक विधानसभा अध्यक्ष विकास पटेल द्वारा सेक्टर की समीक्षा की गई। मंडल उपाध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे मंडल की जिम्मेदारी देने पर राष्ट्रीय नेतृत्व को बहुत-बहुत आभार और कहा कि सभी जोन एवं सेक्टर के अध्यक्ष पूरी मेहनत व लगन के साथ लगकर सदस्यता अभियान को गति देते हुए बूथ को मजबूत करने का काम करें और दल की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का भी कार्य करें। बैठक की अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष शैलेंद्र कटियार तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश पाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव सुधांशु कटियार, सहकारिता मंच के जिला अध्यक्ष कौशल गुप्ता, अल्पसंख्यक मंच के जिला अध्यक्ष वसीरजा, जोन अध्यक्ष प्रमोद कटियार, जिला सचिव अमन शर्मा, गोपाल पटेल, सांस्कृतिक मंच के जिला उपाध्यक्ष बंसीलाल अर्कवंशी, पुष्पेंद्र पटेल, मोनू पाल, आशीष गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पर्यावरण के क्षेत्र में वृहद स्तर में कार्य करने पर होंगे पुरस्कृत

अमन लेखनी समाचार



सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र अपूर्व एवम शिक्षक प्रदीप वर्मा

उन्नाव। निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन के द्वारा आगामी 22 सितंबर 2024 को दिल्ली के रिवरसाइड स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन क्लब में उत्तर प्रदेश के पर्यावरण विद, समाज सेवी एवम शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने वाले उन्नाव के सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र अपूर्व और शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा को संस्था द्वारा ऑक्सीजन मैन ऑफ यू पी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन संस्था के फाउंडर और मुख्य निदेशक डॉक्टर नीरज गुप्त ने बताया कि उन्नाव के पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र अपूर्व एवम् परिषदीय विद्यालय के शिक्षक प्रदीप वर्मा को पर्यावरण संरक्षण, वृहद मात्रा में पौधरोपण के सफल प्रयास एवम दीर्घ समय से इस ओर किए जा रहे प्रयासों के लिये सम्मान हेतु चयनित किया गया है। सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा शुरू की ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव मुहिम प्रदीप वर्मा संचालन में वृक्ष रक्षा जन सुरक्षा के लिए व्यापक कार्य कर रही है इसके तहत बहुतायत में लोग वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर होते हुए इनसे जुड़ रहे हैं। अनूप मिश्र द्वारा गत 27 वर्षों से इस दिशा में काम करने और लाखों की संख्या में पौधे रोपित करने के कारण ही उन्हें ट्री मैन के नाम से पहचाना जाता है। दोनो के प्रयासों से पर्यावरण पर सकारात्मक असर पड़ा है। संस्था ने देश विदेश की महान हस्तियों की मौजूदगी में सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र अपूर्व और शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा को ऑक्सीजन मैन ऑफ यू पी अवार्ड प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय निदेशक डॉक्टर साहू, ग्लोबल गवर्नर पदम श्री डॉक्टर विजय शाह, राष्ट्रीय सचिव सीए शंकर अडनानी, मुख्य अतिथि राजेश कृष्ण बिरला, डॉ. एच. एस. रावत, विशिष्ट अतिथि डॉ. आशीष चोपड़ा (हरियाणा), डॉ. प्रवेन्दर सिंह (थाईलैंड), डॉ इंद्रजीत शर्मा (अमेरिका), सेलिब्रेटी सिद्धि जोहरी (मिस इंडिया इंटरनेशनल) गेस्ट ऑफ ऑनर से विनय चंद्र जैन, नोएडा सीए शंकर अडनानी महाराष्ट्र डॉ राजीव रंजन पांडे, बिहार, मानवेंद्र रावत, दिल्ली, डॉ. साधु साहेब, डॉ.परविंदर सिंह थाईलैंड, संत डॉ सौरभ पांडेय, पदम श्री डॉ. विजय शाह, महाराष्ट्, डॉ आशीष चोपड़ा, डॉ. एच. एस. रावत (सनातन धर्म गुरु) दिल्ली के साथ इस कार्यक्रम में सेलिब्रेटी गेस्ट के तौर पर मिस यूनिवर्स सिद्धि जोहरी, काठमांडू नेपाल शिरकत करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता धरा धाम प्रमुख संत डॉक्टर सौरभ पांडे करेंगे।

# चोरों से भयभीत ग्रामीण रात भर जागकर दे रहे पहरा, गांव में दहशत का माहौल

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांवों में हाल ही में चोरी की घटनाओं की बाढ़ आ गई है। जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। पिछले एक महीने में विभिन्न गांवों में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे स्थानीय निवासियों के बीच चिंता और असुरक्षा की भावना गहरा गई है।बीती रातों में हसनगंज क्षेत्र के गांव बहरौली और जहपुर में चोरों ने एक ही रात में तीन घरों को निशाना बनाया। इसके अलावा हाल ही में उच्च गांव और बरौना गांव में भी चोरी की घटनाएं हुईं। दो दिन पहले, खपुरा भट्ट गांव में चोरों ने लाखों रुपये की संपत्ति चुराई, जिससे गांव के आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल और भी बढ़ गया है।आदमपुर, बरेठी, हसनगंज, कुरौली, फरीदीपुर, रसूलपुर, बकिया, निजामपुर, पचगहना, दयालपुर, बरौना, भानपुर जैसे गांवों में आधा दर्जन से अधिक गांवों में चोरी की बढ़ती घटनाओं से स्थानीय लोग परेशान हैं।इस स्थिति को देखते हुए, गांववासियों ने सुरक्षा के लिए विशेष उपाय करना शुरू कर दिया है। गांवों में ड्रोन के कुछ संदिग्ध रेकी कर रहे हैं। जिससे चोर पकड़ में नहीं आ रहे हैं।स्थानीय निवासियों ने चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए एकजुटता का प्रदर्शन किया है। रात के समय गांववाले जागकर पहरा दे रहे हैं और चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रहे हैं। गांव के युवा चोरी की घटनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए 'जागते रहो, गांववालों जागते रहो' जैसे नारे लगाते हुए रातभर चौकसी करते हैं। इस पहल से गांववासियों की एकजुटता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता की भावना को बल मिला है।इस दौरान स्थानीय पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का आश्वासन दिया है। पुलिस की ओर से गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की कवायद की जा रही है। हालांकि, गांववासियों की शिकायतें और चिंताओं के मद्देनजर पुलिस प्रशासन को और अधिक प्रभावी उपायों की जरूरत महसूस हो रही है।चोरी की घटनाओं की लगातार वृद्धि से निपटने के लिए पुलिस ने अपराधियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान शुरू किया है।गांववाले और पुलिस दोनों ही इस स्थिति को गंभीरता से ले रहे हैं और प्रयास कर रहे हैं कि क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बहाल किया जा सके। इसके अलावा, गांववासियों से भी अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके और चोरी की घटनाओं को रोका जा सके।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलता मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के झाऊखेड़ा गांव की रहने वाली महिला का रविवार सुबह संदिग्ध हालत में ग्रामीणों ने पेड़ पर फंदे से शव लटका मिला। पहचान के बाद ग्रामीणों ने परिजन व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।झाऊखेडा गांव के रहने वाले देवराज की 34 वर्षीय पत्नी सावित्री रविवार सुबह खेत की ओर गई थी। काफी देर तक जब वापस घर नहीं पहुंची, तब परिजनों से खोजबीन की जाने लगी। तभी गांव के बाहर धर्मेन्द्र के बगीचे में रस्सी के सहारे पेड़ की डाल पर उसका शव लटकता हुआ मिला। शव लटकता देख गांव के लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने घटना की जानकारी परिजनों को दी। मृतका सावित्री कुछ दिनों से दही स्थिति एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करने लगी थी। जबकि पति पुताई का काम करता है।16 साल पहले विवाह हुआ था। मृतका सावित्री के तीन बेटे अंश, आयुष, करन व बेटी अंशिका है।थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तेजी से बढ़ रहा है गंगा नदी का जलस्तर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगा नदी के जलस्तर में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिससे निचले इलाकों और अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाढ़ का पानी पहुंच चुका है। पश्चिम के बांधों से लगातार पानी छोड़े जाने की वजह से जलस्तर में यह वृद्धि देखी जा रही है। हाल ही में गुरूवार को जलस्तर में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई थी, लेकिन शनिवार को एक बार फिर तेजी से जलस्तर बढ़ने लगा। शुक्लागंज के आसपास का क्षेत्र अब चेतावनी बिंदु के करीब पहुंच गया है, जिससे यहाँ के निवासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

गंगा के जलस्तर में जुलाई और अगस्त के महीनों में तेजी से वृद्धि देखने को मिली थी, जिसके चलते जलस्तर चेतावनी बिंदु को पार कर गया था। हालांकि, उसके बाद कुछ समय के लिए जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई। लेकिन सितंबर में जलस्तर में फिर से वृद्धि शुरू हो गई है और यह खतरे के निशान की ओर बढ़ने लगा है। हाल की बारिशों के कारण पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में भी पानी की अधिकता हो गई है, जिससे पश्चिमी बांधों से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है।केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, गुरुवार की शाम गंगा का जलस्तर 111.590 मीटर मापा गया था। शुक्रवार दोपहर दो बजे यह जलस्तर 111.800 मीटर तक पहुंच गया, और शाम पांच बजे 111.830 मीटर दर्ज किया गया। शनिवार को बढोत्तरी दर्ज की गई। यह जलस्तर चेतावनी बिंदु से मात्र 17 सेंटीमीटर दूर है।जलस्तर में इस तेजी से वृद्धि के कारण गोताखोर, सैय्यद कम्पाउंड, कर्बला, हुसैन नगर, चंपापुरवा, तेजीपुरवा, मनसुख खेड़ा समेत अन्य पश्चिमी इलाकों में पानी भर गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाढ़ का पानी फैल गया है, जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। निचले इलाकों में पानी भरने के कारण सड़कें जलमग्न हो गई हैं। जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है।स्थानीय निवासी पानी के बढ़ते स्तर के कारण अपने घरों में ही कैद हो गए हैं और आने-जाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। बाढ़ के पानी की वजह से गांवों में खेती की फसलें भी प्रभावित हो रही हैं और स्थानीय प्रशासन को राहत कार्यों के लिए तत्पर रहना पड़ रहा है। सम्भवतः आने वाले दिनों में भी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा और जलस्तर में और वृद्धि हो सकती है। इससे निपटने के लिए जिला प्रशासन ने राहत कार्यों और आपातकालीन व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी है। क्षेत्रवासियों से भी अपील की गई है कि वे सतर्क रहें और प्रशासन के निदेशों का पालन करें ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके।

## पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने अस्पताल से पार कर दिया बैटरा व इन्वेटर

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चोरों द्वारा कक्ष की खिड़की तोड़ कर चोरी कर ली गई, पी एच सी फार्मासिस्ट द्वारा थाना पुलिस को तहरीर देकर सूचना दे दी है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ऊगू पुलिस चौकी के निकट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊगू में बीती रात पी.एच.सी. के प्रयोगशाला कक्ष में लगवाये गये इन्वर्टर एवं बैटरी को चोर कक्ष की खिड़की तोड़ कर बैटरा और इन्वर्टर चुरा ले गये, सुबह पहुंचे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात फार्मासिस्ट जब अंदर गये और कक्ष का ताला खोला तो पीछे तरफ की खिड़की टूटी हुई थी और इन्वर्टर और बैटरा गायब था, अस्पताल के सफाई कर्मी रामप्रसाद द्वारा पीएचसी में सफाई कार्य कर चुका था। फार्मासिस्ट गोकुल चंद्र द्वारा ऊगू पुलिस चौकी और फतेहपुर चौरासी थाना पुलिस को तहरीर देकर सूचना दे दी।

## 28 वा गणेश महोत्सव का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। श्री गणेश नवयुवक सेवा समिति की ओर से भातू फार्म में विराट 28वां श्री गणेश महोत्सव मनाया गया। जहां भक्तों ने बाबा को छप्पन भो लगाया। इसके साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही साकेतपुरी में श्री सिद्धि विनायक गणपति मंडल की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके अलावा मिश्रा कालोनी, चंपापुरवा, पोनी रोड, राम नगर, ऋषी नगर, नेहरू नगर राजमार्ग, आदि स्थानों पर गणेश महोत्सव में कार्यक्रम आयोजित किये गये। वहीं चंपापुरवा शिव पार्क, बलदेव पार्क के सुबह शाम महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। वहीं रविवार को भी तमाम श्रद्धालु प्रतिमओं को विसर्जन करने के लिये गगनी खेड़ा फत्ते खेड़ा झील पर पहुंचे। जहां नम आंखों से बप्पा को विदाई दी और अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाये।

## ओवरटेक करने के दौरान स्कूटी सवार युवकों की लोडर में हुई भिड़ंत, एक की मौत दो गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गंगा किनारे से घर लौट रहे एक स्कूटी पर सवार तीन साथियों को तेज गति के लोडर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक साथी ने दम तोड दिया। जबकि दो साथियों को बांगरमऊ अस्पताल से रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला अंसार मैदान निवासी फरमान 47 वर्ष पुत्र हसन अहमद मोहल्ले के ही साथी मोहसिन पुत्र इकराम व इश्तियाक पुत्र बदलू तीनो साथी स्कूटी पर सवार होकर गंगा नदी के किनारे मछली लाने की बात कहकर घर से निकले थे। रविवार को सुबह लगभग 8 बजे जब वह गंगा तट से घर लौट रहे थे तभी आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर सिरधरपुर गांव के निकट ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप लोडर से उनकी गाड़ी की आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस घटना में घायल हुए तीनो साथियों को बांगरमऊ अस्पताल ले जाया गया।जहा पर डाक्टरों ने फरमान पुत्र हसन अहमद को मृत घोषित कर दिया।जबकि घायल मोहसिन व इश्तियाक को प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।हादसे के जानकारी पर अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

लोडर चालक दोना पत्तल लादकर जा रहा था जो घटना के समय अनियंत्रित होकर पलट गया। लोडर चालक मौके पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।घटना से उनकी मां आरफा व चार छोटे भाई फरजान, आगोश, आफताब, हिलाल तथा पत्नी कहकसा पुत्र अदनान, दो पुत्रियों सहित सभी का रो रोकर बुरा हाल है।तीन बहनों में सभी की शादी हो चुकी है।

मृतक फरमान छह भाईयो में दूसरे नम्बर का था। उनके बड़े भाई फुरकान अंसारी एक राजनैतिक पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता व समाजसेवी है। पूर्व में हुए नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में उम्मीदवार भी रह चुके है।

## नौका विहार पर बांके बिहारी की झांकी देखने को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। वामन द्वादशी पर पुरवा नगर के शीतलगंज स्थित पक्का तालाब पर जल विहार का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण को तालाब में नौका से विहार कराया। नौका विहार पर बाके बिहारी की झांकी देखने को भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार को वामन द्वादशी के मौके पर पुरवा नगर के कस्टोलवा ठाकुरद्वारा मन्दिर से डोल पर सवार होकर भगवान श्री कृष्ण की झांकी को शंख और घंटा बजाते हुए भारी संख्या में भक्त नगर के शीतल पक्का तालाब पहुंचे। यहां उन्हें नौका विहार कराते हुए प्रसाद लुटाया गया, सात परिक्रमा कराने के बाद आरती कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान चेयरमैन रेनू गुप्ता, दिवाकर शुक्ला, आनंद शंकर शुक्ला, सभासद आलोक कुशवाहा, बेद प्रकाश त्रिवेदी, प्रदीप शुक्ला, प्रदीप बाजपेयी, संजय अवस्थी, नरोत्तम बाजपेयी, आयोजक अनुराग बाजपेई, संजू बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## लाखों रुपए से बना नवनिर्मित बीज भंडार भवन शोपीस



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। जर्जर राजकीय बीज भंडार भवन में बरसात के कारण बीज खराब हो जाता है जिसका संचालन आज भी पुराने भवन में चालू है नया बीज भंडार भवन सो पीस बना हैतहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन से लगभग तीन किलोमीटर दूर नेसनल हाईवे के समीप विकास खण्ड सुमेर पुर क्षेत्र के ग्राम चिकंदर पुर की भूमि पर शासन के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर राजकीय बीज भंडार भवन का निर्माण कराया गया है जिससे किसानों को सही बीज सस्ते दामों में मिल सकें पुराना बीज भंडार तहसील मुख्यालय से पांच सौ मीटर दूर उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे के किनारे पाटन में बना हुआ हैं भवन बहुत ही जर्जर है जो बरसात में पानी टपकने में बीज खराब हो जाता है किसान उस बीज को खेतों में बोते है जिससे बीज कम जगने के कारण व नहीं जगने के कारण किसानों को सही लागत नहीं मिल पा रही है।

## हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के द्वारिका मोहिनी गणेश महोत्सव पंडाल में अनियंत्रित कार घुस गई थी। हादसे में पूर्व सभासद के बेटे की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि चार जख्मी हो गए। कार एक अधिकारी की बताई जा रही है। जिस पर गवर्नमेंट आफ इंडिया लिखा है। पुलिस ने कार सवार दो युवकों को हिरासत में लिया है। देर रात सदर विधायक पंकज गुप्ता पीड़ित परिवार से मिले।जानकारी के अनुसार मिश्रा कॉलोनी के रहने वाले पूर्व सभासद राधाकिशन गुप्ता का 35 वर्षीय बेटा राजेश गुप्ता अपनी पत्नी आंचल और 4 वर्ष के बेटे नैतिक व 2 वर्ष के बेटे कार्तिक के साथ बीते शुक्रवार रात दुर्गा मंदिर दर्शन करने गया था। लौटते समय द्वारिका मोहनी स्थित गणेश पंडाल में हो रही आरती में शामिल हो गया था। इसी दौरान शुक्लागंज से मिश्रा कॉलोनी की ओर जा रही की तेज रफ्तार कार पंडाल के अंदर घुस गई थी।जहां कार ने राजेश, अदिति, 2 वर्ष के कार्तिक व दो लड़कियों को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना गंगाघाट कोतवाली पुलिस पहुंची। पुलिस ने कार में सवार संदीप और दीपक को हिरासत में लिया। वही पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा। जहां राजेश को उर्सला अस्पताल कानपुर ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने हैलट रेफर कर दिया था। राजेश की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। कार चालक दीपक मूलरूप से इटावा जनपद के छपेटी का रहने वाला है। यहां शुक्लागंज के अंबिकापुरम में रहता है। जबकि उसका साथी संदीप रामपुरा बेनीपुरवा जालौन का रहने वाला है।वहीं परिजनों की ओर से कहीं बवाल न हो जाये, इसके लिये सीओ सिटी सोनम सिंह के अलावा घटना स्थल पर पीएचसी और बज्र पुलिस तैनात कर दी गई। वहीं मृतक के बड़े भाई राजू गुप्ता एडवोकेट ने गडरिया मोहाल मालवीय पार्क निवासी विश्व रतन दुबे एवं आनंदेश्वर ट्रेवल्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।कार के नीचे मिला था दो वर्ष का बच्चा प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक का दो वर्षीय बेटा कार्तिक पिता के बगल में खड़ा था। घटना में काफी दूर तक राजेश घसीटता हुआ चला गया। साथ में बच्चा भी साथ था, लेकिन वह बाल-बाल बच गया।राजेश की मौत के बाद मां राधा और पिता राधाकिशन दहाड़े मारकर रो रहे थे और बार-बार यही कह रहे थे, सुबह शाम मंदिर में पूजा करने जाना और गंगा स्नान करने के बाद भी भगवान ने यही प्रतिफल दिया।

## पुलिस ने मिशन शक्ति महिला जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित



अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतीपुर सेमरा में सासन की मंशा व पुलिस अधीक्षक उन्नाव व क्षेत्राधिकारी हसनगंज व थाना प्रभारी निरीक्षक सोहरामऊ शरद कुमार के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया वहीं पर प्रशिक्षित महिला कांस्टेबल सीता यादव व महिला कांस्टेबल कामिनी राठौर ने महिलाओं व युवतियों को सासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी दी व मिशन शक्ति महिला हेल्फ लाइन व विभिन्न प्रकार से सरकार द्वारा दिए गए नम्बरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई महिला कांस्टेबल सीता यादव व महिला कांस्टेबल कामिनी राठौर व हेड कांस्टेबल कृष्ण मोहन मिश्रा हेड कांस्टेबल अशोक कुमार ने बताया पुलिस आपकी सेवा के लिए 24 घण्टे उपलब्ध है और सरकारी नम्बरो की जानकारी दी गई इस अवसर पर ग्राम सेमरा में भारी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और महिलाओं ने प्रशिक्षित महिला कांस्टेबल सीता यादव व कामिनी राठौर से खुलकर चर्चा की और पुलिस के इस कार्यक्रम को महिलाओं से जुड़ने को सफल बताया वहीं महिलाओं ने कहा कि अब वह अपनी बात आसानी से महिला कांस्टेबल को बता सकती हैं और सम्बन्धित नंबरों पर फोन कर सहयता प्राप्त कर सकती हैं।

# पति-पत्नी के 25 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 09, परिवार परामर्श केन्द्र से 07, थाना गंगाघाट, थाना सोहरामऊ व थाना अचलगंज से 02-02, थाना बांगरमऊ, थाना अजगैन व थाना सफीपुर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में राम सनेही यादव, राजेन्द्र सिंह सेंगर, डा0 शशि रंजना अग्निहोत्री, डा0 मनीष सिंह सेंगर, डा0 एस.के. पाण्डेय, संजय चौरसिया, अबसार अली व डा0 सगीर अहमद एवं सहयोगी स्वास्तिक मिश्रा, शिवेन्द्र सिंह, व पुलिस टीम से निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, महिला उप निरीक्षक भागीरथी, महिला उप निरीक्षक मिथिलेश कुमारी उपासना, पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह, शकुंतला, सोनी मिश्रा, पूजा यादव राधिका यादव, कु0 विमल, सेविका, साधना, अंजुला, प्रीती का विशेष योगदान रहा।

## अनियंत्रित डीसीएम ने ई रिक्शा ने मारी टक्कर, मां बेटे घायल

पुरवा, उन्नाव। सड़क हादसे में बैट्री रिक्शा सवार मां और दो बच्चों की गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया पुरवा-अचलगंज मार्ग पर स्थित खिन्नी मोड़ के पास हुई। गांव रग्घू खेड़ा निवासी शीला (40) अपने दो बच्चों अर्पित (5) और नयन (7) के साथ बैट्री रिक्शा से अपने मायके भदिहा जा रही थीं। जब उनका रिक्शा खिन्नी मोड़ के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भयंकर थी कि बैट्री रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मां-बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही राहगीरों ने तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र को जानकारी दी। एम्बुलेंस द्वारा घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, लेकिन उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।डीसीएम चालक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर कानूनी कार्रवाई शुरू की हादसे के के बाद ट्रैफिक प्रभावित हुआ, जिससे मार्ग पर जाम लग गया और यातायात व्यवस्थाओं को संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल को आना पड़ा।

## सम्पादकीय

# सहयोग व बंधुत्व से ही विश्व में शांति संभव

जब दुनिया विकट हालात से गुजर रही है, उसमें भारत का संदेश देना कि विश्व में एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चलने की आवश्यकता है, एकदम मौजूं है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को सहयोगी देशों से अपनी भागीदारी और सहयोग को नई ऊंचाई पर ले जाने का आह्वान किया। 'आज के समय में जब दुनिया में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी हुई है...कई स्थानों पर तो अलग-अलग देशों के बीच लगातार युद्ध चल रहे हैं...इन विकट परिस्थितियों में भारत का लक्ष्य यही है कि हम युद्ध का रास्ता छोड़कर शांति के मार्ग पर चलें। विश्व कल्याण के लिए मानवता, शांति, बंधुत्व व विकास जैसे मूल्यों को आगे बढ़ाना वक्त की जरूरत है। भारत का विश्व को शांति व अहिंसा का सबसे बड़ा संदेश है। भारत ने इसे करके दिखाया है, और आज भी अपने इन मूल्यों पर कायम है। दुनिया, गरीबी, बीमारी, सामाजिक व आर्थिक असमानता, हिंसा, संघर्ष व युद्ध से जूझ रही है। करीब तीन अरब लोग बेहाल व बदहाल जिंदगी जी रहे हैं, ऐसे में अगर विश्व में कुछेक देश अपने वर्चस्व के लिए डर, उन्माद, हिंसा व युद्ध को बढ़ावा दे रहे हैं, तो निश्चित ही विश्व का कल्याण नहीं हो सकता है। रूस और यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में प्रवेश कर गया है, इसके अंत की उम्मीद नजदीक में नहीं दिख रही है। इजराइल अपने अस्तित्व व प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए आतंकी गुट हमास से जंग लड़ रहा है। चीन अपनी विस्तारवाद व बादशाहत की सनक में अधिकांश पड़ोसियों के साथ सीमा विवाद को जन्म दे रहा है, ताइवान को डरा रहा है। अमेरिका की शांति नीति अफगानिस्तान में फेल हुई, आज अफगानिस्तान पर आतंकी गुट तालिबान का शासन है, यह सब अमेरिका की परस्ती में हुआ। सूडान, पूर्वी तिमोर गृहयुद्ध में तबाह हो रहे हैं। अफ्रीका के अनेक देश भीषण गरीबी व भुखमरी से जूझ रहे हैं। अमेरिका व यूरोप के आर्थिक हालात भी पहले की तरह उम्मीद नहीं दिखा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के दौर से गुजर रही दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है। विश्व में कहीं अत्यधिक ठंड तो कहीं अत्यधिक गर्मी पड़ रही है। इससे भी मानव जीवन संकट का सामना कर रहा है। मानवता का लक्ष्य विनाश तो कतई नहीं है। विश्व ने सभ्यता के विकास के साथ अंधाधुंध युद्ध झेला है, वर्चस्व के लिए अनगिनत हिंसा देखी है, अनेकानेक शोषण को देखा है। आज विश्व की स्थिति ऐसी है कि मानव जीवन कहीं से भी सुरक्षित नहीं लग रहा है, विश्व के सशक्त व मजबूत देश भी दुनिया में नई उम्मीद नहीं जगा रहे हैं। अमेरिका का प्रभुत्व कमजोर हो रहा है। चीन भरोसे के संकट से गुजर रहा है। रूस ने युद्ध का मार्ग अपना कर शांति के लिए विश्वास का अवसर ही नहीं छोड़ा है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर शांति, खुशहाली, सहयोग और विकास की पैरवी केवल भारत कर रहा है। केंद्र में पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार आने के बाद विश्व में भारत की छवि भी बदली है। अब भारत सॉफ्ट स्टेट नहीं रहा है, अब भारत सहयोग लेने वाला नहीं देने वाला बन गया है। कई क्षेत्रों में देश आत्मनिर्भर हुआ है, ताकतवर हुआ है, निर्यातक बना है। आज भारत शांति की वकालत कर रहा तो इसी में वैश्विक कल्याण भी है। भारत ने हमेशा वसुधैव कुटुंबकम को चरितार्थ किया है। राजनाथ की टिप्पणी रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता को आगे बढ़ाने में भारत की संभावित भूमिका के आह्वान की पृष्ठभूमि में आई है। पीएम मोदी पहले ही कह चुके हैं कि यह युद्ध का समय नहीं है। रूस व यूक्रेन जंग का अंत वैश्विक हित में है, लेकिन अमेरिका व यूरोप को अपनी रणनीति बदलनी होगी।



बयानबाजी

अरविंद जयतिलक

# राहुल के 'कृत्य' से बिगड़ रही देश की छवि

बेशक राहुल गांधी को अधिकार है कि वह सरकार की नीतियों की आलोचना करे, लेकिन यह कार्य अपने देश में होना चाहिए। विदेशी धरती पर खड़े होकर देश की छवि पर प्रहार करना उचित नहीं है। एक लोकतांत्रिक देश में देश की साख और मर्यादा की रक्षा की जिम्मेदारी जितना सत्ताधारी पार्टी की होती है उतनी ही विपक्ष की भी। लेकिन राहुल गांधी विदेशी धरती से भारत की साख खराब करने से चूक नहीं रहे हैं। चंद रोज पहले उन्होंने अमेरिका के डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में कौशल वाले लाखों लोगों को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने भारत की तुलना चीन से करते हुए भारत को नीचा दिखाने की कोशिश की।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कमाल के नेता हैं। वे तनिक भी विचलित व चिंतित नहीं होते हैं कि तर्कहीन और मनगढ़ंत भाषणबाजी के फेर में कहीं खुद ही लपेटे में आ गए तो क्या होगा। वे सरकार की आलोचना के फेर में देश की साख और मर्यादा का ख्याल किए बिना ही लगातार जो मुंह में आ रहा है, उगल रहे हैं। इससे न केवल देश की छवि धूमिल हो रही है बल्कि उन्हें खुद आलोचना का पात्र बनना पड़ रहा है। बेशक राहुल गांधी को अधिकार है कि वह सरकार की नीतियों की आलोचना करे। लेकिन यह कार्य अपने देश में होना चाहिए। विदेशी धरती पर खड़े होकर देश की छवि पर प्रहार करना उचित नहीं है। एक लोकतांत्रिक देश में देश की साख और मर्यादा की रक्षा की जिम्मेदारी जितना सत्ताधारी पार्टी की होती है उतनी ही विपक्ष की भी। लेकिन राहुल गांधी विदेशी धरती से भारत की साख खराब करने से चूक नहीं रहे हैं। चंद रोज पहले एक बार फिर उन्होंने कुछ ऐसा ही कृत्य किया है। उन्होंने अमेरिका के डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में कौशल वाले लाखों लोगों को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने भारत की तुलना चीन से करते हुए भारत को नीचा दिखाने की कोशिश की। साथ ही आरएसएस पर भी हमला बोलने से नहीं चूके।

हद तो तब हो गई, जब उन्होंने कहा कि लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी अथवा कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं। राहुल गांधी से पूछा जाना चाहिए कि क्या सिख समुदाय भारत में पगड़ी और कड़ा धारण नहीं करता है? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारत में इस बार आम चुनाव लड़ने के लिए सबको समान अवसर उपलब्ध नहीं थे। अब सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी के अनाप-शनाप संबोधन को लेकर सवाल दागना शुरू कर दिया है। कांग्रेस को जवाब देते नहीं बन रहा है। गौर करें कि इससे पहले भी राहुल गांधी ने विदेशी धरती से भारत की साख से खेलने की कोशिश की है। गत वर्ष उन्होंने जर्मनी के हैम्बर्ग में बुसेरियस समर स्कूल में छात्रों और प्रवासियों को संबोधित करते हुए देश में उन्माद की हिंसा यानी मॉब लिंचिंग की बढ़ती घटनाओं को बेरोजगारी से जोड़ दिया था। दूसरी ओर लंदन में आरएसएस की तुलना आतंकी संगठन ब्रदरहुड से की थी। उनके इस दुर्लभ प्रवचन से न केवल भारज-जर्मनी बल्कि दुनिया भर के समाजशास्त्री और अर्थशस्त्री हतप्रभ रह गए थे।

इस बार भी विदेशी धरती पर राहुल गांधी के अनावश्यक संबोधन से देश सन्न है। लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर राहुल गांधी को क्या हो गया है जो कि मोदी विरोध के नाम पर कभी आरएसएस को बदनाम कर रहे हैं तो कभी देश की आबरु से खिलवाड़ कर रहे हैं। अगर राहुल गांधी के इस संबोधन से भारतीय जनता पार्टी उद्वेलित और आक्रामक होती है तो यह तनिक भी अस्वाभाविक नहीं है। ऐसा इसलिए कि जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा को चार चांद लगा रहे हैं, वहीं राहुल गांधी गलत कुतर्कों के जरिए दुनिया भर में भारत की छवि खराब करने पर उतारु हैं। गत वर्ष पहले ही उन्होंने कैलिफोर्निया के



बर्कले विश्वविद्यालय में भारत में लोकतंत्र की सच्ची पैरोकारी के बजाए वंशवाद की वकालत की। बहुत पहले उन्होंने अमेरिकी राजदूत से कहा कि देश को इस्लामिक आतंकवाद से ज्यादा खतरा हिंदू कट्टरवाद से है। उस समय भी राहुल गांधी की खूब फजीहत हुई थी और कांग्रेस को बचाव में उतरना पड़ा था।

चुनाव के दौरान चुरु की एक रैली में उन्होंने कहा था कि सांप्रदायिक तत्वों ने उनकी दादी को मारा, उनके पिता को मारा और अब शायद उन्हें भी मार सकते हैं। जबकि वे अच्छी तरह सुपरिचित हैं कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या सांप्रदायिक तत्वों ने नहीं बल्कि आतंकियों ने की थी। याद होगा 2012 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उन्होंने समाजवादी पार्टी का घोषणापत्र ही फाड़ दिया। तब भी उनकी खूब किरकिरी हुई थी। यही नहीं, उन्होंने 2014 में एक चुनावी जनसभा में गांधी जी की हत्या के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को ही जिम्मेदार ठहरा दिया था। लेकिन जब इससे नाराज संघ के एक कार्यकर्ता ने उन्हें अदालत में घसीट लिया तो उनकी असहजता बढ़ गई। तब उच्चतम न्यायालय ने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा था कि वह या तो माफी मांगें या मानहानि के मुकदमे का सामना करने के लिए तैयार रहें। राहुल गांधी के गैर जिम्मेदाराना रवैए से साफ है कि उनमें सूझबूझ की कमी है और वे बार-बार गलत बयानबाजी के जरिए अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता पर मुहर लगा रहे हैं। राहुल की इसी नासमझी का नतीजा है कि देश उन्हें एक गंभीर राजनेता मानने को तैयार नहीं है। यह सही है कि राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद मिलने से कांग्रेस और उसके नेताओं तथा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। लेकिन जिस तरह उनकी बयानबाजी को लेकर कांग्रेस पार्टी को बचाव में उतरना पड़ रहा है, उससे साफ है कि राहुल गांधी में गंभीरता की कमी है।

मजेदार बात कि वे अपनी कमियां ढूंढ़ने के बजाए मोदी सरकार पर आरोपों की बौछार कर रहे हैं। सच तो यह है कि कांग्रेस को प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता पच नहीं रही है और वह अवसादग्रस्त हो गई है। उसी अवसाद का नतीजा है कि कांग्रेस कभी अपने नेता राहुल गांधी को मंदिर का दर्शन कराती है तो कभी सनातन पर प्रहार कराती है। उनके इशारे पर उनके सिपहसालार देश को हिंदू पाकिस्तान तो कभी हिंदू तालिबान बताते सुने जाते हैं। अब असल सवाल यह है कि क्या इस तरह के आचरण से राहुल गांधी देश का दिल जीतने में सफल रहेंगे? क्या वे विदेशी धरती पर खड़े होकर देश के खिलाफ आग उगलकर सत्ता सिंहासन तक पहुंच जाएंगे? यह संभव ही नहीं है। देश उनके और उनकी पार्टी के इस रवैए से आहत है। राहुल गांधी को समझना होगा कि अगर वे भोथरे दलीलों के जरिए देश को गुमराह कर प्रधानमंत्री की छवि खराब करने की कोशिश में हैं तो इसका सर्वाधिक नुकसान कांग्रेस पार्टी को ही उठाना होगा। उन्हें समझना होगा कि वे कांग्रेस के अग्रणी नेता ही नहीं बल्कि अब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। अगर वह गली छाप नेताओं की तरह राजनीतिक आचरण की नुमाईश करेंगे तो फिर देश की कमान संभालने का दावा कैसे कर सकते हैं? वैसे भी जब से वे नेता प्रतिपक्ष बने हैं देश को लगातार निराश कर रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि देश ने राहुल गांधी को बेहतर कार्य करने का मौका नहीं दिया। वे चाहते तो नोटबंदी, जीएसटी और धारा 370 के सवाल पर सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर सकते थे। लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया। अब कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी का एकसूत्रीय कार्यक्रम सरकार का विरोध करना और दुनिया भर में भारत की साख से खिलवाड़ करना रह गया है। यह देश के साथ छल है और देश इसे सहन नहीं करेगा।

मुद्दा

विवेक शुक्ला



# 'बाहरी' उम्मीदवारों को प्रेरित करते रहेंगे अल्बर्टो फुजीमोरी

भारत के हरेक चुनाव में कुछ उम्मीदवारों पर 'बाहरी' होने का आरोप लगता है। इन बाहरी उम्मीदवारों को हर दौर में पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजीमोरी प्रेरित करते रहेंगे। फुजीमोरी का बुधवार को पेरू की राजधानी लीमा में निधन हो गया। उनसे बड़ा शायद ही कभी कोई बाहरी उम्मीदवार दुनिया ने चुनाव लड़ते देखा। अब असली बात पर आते हैं। फुजीमोरी मूल रूप से जापानी माता-पिता की संतान थे। वे जब करीब पांच साल के थे, तब उनके माता-पिता दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में नौकरी के लिए शिफ्ट कर गए और फिर वहीं बस गए। जाहिर है कि फुजीमोरी का बाकी का जीवन पेरू में ही गुजरा। वे बड़े हुए तो पेरू की सियासत में कूद पड़े। यह नहीं, फुजीमोरी 1990 से 2000 तक पेरू के राष्ट्रपति रहे। उस देश में जहां जापानी मूल के एक हजार लोग भी नहीं थे। पर मजाल है कि कभी फुजीमोरी को किसी ने बाहरी बताया हो। राष्ट्रपति रहते हुए उन्हें भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के मामले में दोषी ठहराया गया था। उन्हें जेल भी हुई। पर उन पर बाहरी होने की तोहमत किसी ने नहीं लगाई।

अब भारत की बात कर लें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में जब वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसल किया तो उन्हें बाहरी बताया गया। उसी चुनाव में अरुण जेटली ने अमृतसर से चुनाव लड़ा तो उन्हें भी बाहरी कहा गया। ये तो दो उदाहरण हैं। न जाने हमारे यहां नगर निगम से लेकर विधान सभा और लोकसभा चुनावों में कितने उम्मीदवारों को बाहरी कहा जाता रहा है। आप अपने ही देश में बाहरी हो जाते हैं। इन्हें सुनना पड़ता है कि चूंकि ये स्थानीय नहीं हैं, इसलिए जनता के मसलों को हल नहीं कर सकेंगे। अजीब स्थिति है कि हम तो अपने देशवासियों को बाहरी कहने का मौका नहीं छोड़ रहे और भारतवंशी करीब दो दर्जन देशों में सांसद से लेकर प्रधानमंत्री से राष्ट्रपति बन गए। साल 1961 में प्रोगेसिव लेबर पार्टी के उम्मीदवार छेदी जगन कैरिबियाई टापू देश ग्याना के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। एक तरह से छेदी जगन ने श्रीगणेश किया था भारतवंशियों के सात समंदर पार जाकर शिखर को छूने का। उनके बाद भारत के बाहर लघु भारत कहलाए जाने वाले मारीशस में शिव सागर रामगुलाम, अनिरुद्ध जुगनाथ से लेकर फीजी में महेन्द्र चौधरी और त्रिनिदाद और टोबेगो में बासुदेव पांडे वगैरह अनेक राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनते रहे। इन देशों में भारतवंशियों का राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनना इस लिहाज से समझ आता है क्योंकि इनमें भारतवंशियों की आबादी 50 फीसद से भी ज्यादा है। पर भारतवंशी एस. रंगानाथन सिंगापुर जैसे देश के भी राष्ट्रपति बने। सिंगापुर में चीनी लगभग 76 फीसद हैं। फिर मलेय भी मजे में हैं। जिधर भारतीय 10-12 फीसद हैं, उधर भी ये राष्ट्रपति बन रहे हैं।



क्या इसे मामूली उपलब्धि माना जाए? कतई नहीं। भारत में कब कोई विदेशी मूल का शख्स राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनता है, इसकी फिलहाल कोई संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आती। कुछ साल पहले सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री बनने की संभावना पैदा हुई थी। पर,तब जमकर हंगामा बरपा था। तो साफ है कि हम हिन्दुस्तानी कम से कम इस लिहाज से बहुत छोटे दिल के हैं। हम जाति, समाज,भाषा,मजहब के बंधनों को तोड़कर अपने लिए बेहतर उम्मीदवारों को चुनने के लिए तैयार नहीं हैं। फुजीमोरी के पुत्र केन्जी फुजीमोरी भी पेरू के सांसद रहे। फुजीमोरी वर्ष 2000 में राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद फुजीमोरी अपने माता-पिता के देश जापान चले गए थे, लेकिन अपने देश में खुद पर लगाए गए आरोपों का सामना करने के लिए उन्हें वर्ष 2007 में पेरू प्रत्यर्पित कर दिया गया था। आजकल अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव की कैंपेन पर सारे संसार की निगाहें हैं। भारत की तो खासतौर पर हैं, क्योंकि कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव जीतने की संभावनाएं जाहिर की जा रही हैं। कमला हैरिस की मां डॉ. श्यामला गोपालन तमिलनाडू से थीं।

# चित्त की शुद्धता ही धर्म का सार



संकलित

दर्शन

उपाध्याय गुप्त सार मुनि के अनुसार धर्म के सार को समझे बिना धर्म का ठीक से पालन नहीं किया जा सकता है। सार को समझेंगे तभी उसे ग्रहण कर पाएंगे अन्यथा अंदर के सार तत्त्व को छोड़कर छिलकों में ही उलझे रह जाएंगे। सार में सदा समानता रहती है। अनेक रूप-रूपाय भिन्न-भिन्न बाह्याडंबर, आकार-प्रकार, बनावट-सजावट, खान-पान जो भिन्न-भिन्न संप्रदायों के प्रतीक मात्र थे, वे आज भिन्न-भिन्न धर्म बनकर पारस्परिक विरोध का कारण बन गए हैं। सारा मानव समाज इन बाह्याचार और बाह्याडंबर रूपी स्थूल छिलकों में बुरी तरह उलझ गया है। हमें जब तक धर्म की वास्तविक 'मणि' प्राप्त नहीं होती, तब तक हम कंगाल हैं। हमारा जीवन निस्सार दिखावों, निरर्थक कर्मकांडों और निकम्मे बुद्धि-किलोलो में भरा रहता है। धर्म का सार तो चित्त की शुद्धता में है, राग-द्वेष-मोह के बंधनों से मुक्त होने में है। विषम स्थितियों में भी चित्त की समता बनाए रखने में है। मैत्री, करुणा, मुदिता में है। साथ-साथ जो यह भी समझते हो कि ये गुण हममें नहीं है तो देर-सवेर वे भी धर्म के सार को प्राप्त कर ही लेते हैं। लेकिन जब हम बाह्याडंबर के निस्सार छिलकों को ही धर्म मानने लगते हैं, तब शुद्ध धर्म प्राप्त कर सकने की सारी संभावनाओं को खो देते हैं। हम यह जांच कभी करते ही नहीं हैं कि जिसे हम धर्म माने जा रहे हैं, उसकी वजह से हमारे मन-मानस में क्या सुधार हो रहा है? अथवा हमारे जीवन-व्यवहार में कुछ सुधार हो रहा है? अत धर्म की शुद्धता को जानना, समझना, जांचना, परखना पहला आवश्यक चरण है। शुद्ध धर्म सदा स्पष्ट और सुबोधक होता है। उसमें रहस्यमयी गुत्थियां नहीं होती। शुद्ध धर्म में कपोल कल्पनाएं नहीं होती। जो कुछ होता है, यथार्थ ही होता है। धर्म कोरे सिद्धांत निरूपण के लिए नहीं प्रत्युत स्वयं का साक्षात्कार करने के लिए होता है।

# दृष्टिकोण में बदलाव से जीवन में सकारात्मकता



संकलित

प्रेरणा

एक यूनानी दार्शनिक का शिष्य था, जिसे उसके गुरु ने तीन साल तक हर उस व्यक्ति को पैसे देने के लिए कहा, जो उसका अपमान करता था। जब परीक्षण की अवधि समाप्त हो गई तो गुरु ने उससे कहा, 'अब तुम एथेंस जाकर ज्ञान प्राप्त कर सकते हो।' जब शिष्य ने एथेंस में प्रवेश किया तो उसे द्वार पर एक ज्ञानी पुरुष बैठा मिला, जो हर आते-जाते व्यक्ति को अपमानित करता था। उसने शिष्य को भी अपमानित किया तो वह शिष्य जोर से हंसा। ज्ञानी पुरुष ने उससे पूछा, मैं तुम्हारा अपमान कर रहा हूं तो तुम हंस क्यों रहे हो?' शिष्य ने उत्तर दिया, 'क्योंकि मैं इस तरह की बात के लिए लोगों को पैसे देता रहा हूं और तुम यह मुझे मुफ्त में दे रहे हो।' 'नगर के भीतर प्रवेश करो', ज्ञानी पुरुष ने कहा, 'यह नगर तुम्हारा है।' नजरिये में बदलाव लाने की क्षमता एक अत्यंत ताकतवर और प्रभावशाली उपकरण है, जो हमें जीवन में रोजमर्रा की परेशानियों से निपटने में मदद करता है। चीजों को अलग नजरिये से देखने की क्षमता बहुत लाभकारी होती है। इसके अभ्यास से व्यक्ति कुछ अनुभवों, कुछ त्रासदियों की मदद से दिमाग को शांत कर सकता है। मनुष्य को समझना चाहिए कि हर बात और हर घटना के विभिन्न पहलू होते हैं। हर चीज सापेक्ष होती है। उदाहरण के लिए, मेरे मामले में, मैंने अपना देश खो दिया। उस दृष्टिकोण से यह बहुत दुख की बात है और इससे भी ज्यादा दुख की कई बातें हुई हैं। परंतु अगर मैं इसी बात को अलग नजरिये से देखूं तो मुझे लगता है कि एक शरणार्थी होने के दृष्टिकोण से किसी तरह की औपचारिकता, जश्न या नवाचार की जरूरत नहीं है। यदि स्थिति यथावत होती, अगर सब कुछ ठीक-ठाक होता तो बहुत-से अवसरों पर आप सिर्फ चलते रहते हैं; आप दिखावा करते हैं। परंतु जब आपके सामने निराशाजनक परिस्थितियां आती हैं तो दिखावा करने का समय नहीं मिलता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश का विकास उद्योग जगत पर निर्भर

देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश की आर्थिक व्यवस्था की मजबूती के लिए देश में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देना जरूरी माना था। देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए जब जवाहरलाल नेहरू के समक्ष तीन प्रस्ताव पेश किए गए, जिनमें मुख्यत: पहला गांधीवादी विचारधारा का, दूसरा एमएन राय का, और तीसरा देश के मुख्य पूंजीपतियों की विचारधारा का था, तो जवाहरलाल नेहरू ने देश के उस समय के सबसे बड़े उद्योगपतियों टाटा–बिड़ला के प्लान को ही स्वीकार किया था। देश के विकास में उद्योग जगत की भूमिका हमेशा रही है। नेहरू यह मानते थे कि उद्योगों को बढ़ावा देने से ही देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत हो सकती है। इसलिए आज भी जरूरत है कि उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए।

*– मनोज कुमार देशलहरे*

## ट्रेंड

### पीएम-जेएवाई का विस्तार



हम प्रत्येक भारतीय के लिए सुलभ, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस संदर्भ में, कैबिनेट ने आयुष्मान भारत पीएम-जन आरोग्य योजना के दायरे को और विस्तारित करने का निर्णय लिया है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### समाज व सरकार विचार करें



सेना के दो जवानों के साथ हिंसा और उनकी महिला साथी के साथ दुष्कर्म पूरे समाज को शर्मसार करने के लिए काफी है। समाज और सरकार दोनों गंभीरता से विचार करें - देश की आधी आबादी की रक्षा की ज़िम्मेदारी से कब तक आंख चुराएंगे

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### समान अवसर की जरूरत



भारत की अर्थव्यवस्था पर विश्व बैंक की नई रिपोर्ट बेहद उत्साहवर्धक है। विकास दर 7% रहने का अनुमान है और हम सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहेंगे। हमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच समान अवसर की आवश्यकता है।

**-अनिल अग्रवाल, व्यवसायी**

### सबसे महत्वपूर्ण...कहानी



टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म छात्रों के एक समूह के साथ, जो मुझसे फिल्म बनाते समय 10 सबसे महत्वपूर्ण चीजें पूछ रहे थे। मैंने जो कहा वह यहां है; कहानी, कहानी, कहानी...

**-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता**

## करंट अफेयर

# बहराइच वन्यजीव हमला, भेड़ियों के संरक्षण पर दिया जोर

बहराइच में भेड़ियों के हमलों की बढ़ती संख्या और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जरूरत पड़ने पर उन्हें गोली मारने के आदेश के बीच विशेषज्ञों ने विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुकी इस प्रजाति के संरक्षण पर जोर दिया है। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि भेड़िये शर्मीले प्रवृति के होते हैं और झुंड में रहते हैं जो अपने सदस्यों के प्रति सहानुभूति दिखाते हैं। बहराइच की महसी तहसील में मार्च से अब तक भेड़ियों के कथित हमलों में नौ बच्चों सहित 10 लोग मारे जा चुके हैं तथा क्षेत्र में मानव–वन्यजीव संघर्ष में लगभग तीन दर्जन लोग घायल हुए हैं। सरकार ने इसे वन्यजीव आपदा घोषित किया है। इन 10 मौतों में से आठ लोगों की मौतें पिछले दो महीनों में हुई हैं



## ऑफ बीट

# आतंकवाद में बदलाव आया है, लेकिन क्या हम तैयार हैं

जब अल–कायदा सदस्यों ने 11 सितंबर 2001 को न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में वाणिज्यिक विमानों से टक्कर मारी थी तब दुनिया के सामने यह स्पष्ट हो गया था कि आतंकवादी कौन हैं, लेकिन 23 साल बाद भी वास्तविकता यह है कि आतंकवादियों का कोई एक प्रकार नहीं है। चूंकि विश्व भर में सुरक्षा बल सभी प्रकार के समूहों से उत्पन्न खतरों से जूझ रहे हैं, इसलिए प्रतिद्वंद्वी कौन है, इस पर सहमति अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। आतंकवाद की एक प्रभावी परिभाषा जरूरी है ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए परिचालन नियम तैयार किए जा सकें



## संक्षेप

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना बिहार के अंतर्गत ग्राम गौरा निवासी दीपक कुशवाहा पुत्र स्वर्गीय शंकर का विवाह 15 नवंबर 2023 को सोनाली निवासी दुकनहा थाना खीरो जनपद रायबरेली के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुआ था दीपक कुशवाहा जीवकोपार्जन हेतु अहमदाबाद में नौकरी करता था लेकिन वर्तमान समय में घर में ही था प्राप्त सूचना के अनुसार घर में घरेलू विवाद हुआ करता था जिसके कारण सोनाली का शव रविवार को दिन में घर में फंदे से लटकता मिलने पर घर में कोहराम मच गया वही मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित तहरीर दी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चलेगा।

### बाइक सवार युवक को ट्रक ने मारी टक्कर हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद लखनऊ निवासी युवक कन्नौज में अपनी रिश्तेदारी में कुछ सामान देने आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के रास्ते से कन्नौज जा रहा था की औरास थाना क्षेत्र में पहुंचने पर सामान भूलने की याद आने पर यू टर्न लेकर दूसरी लाइन से वापस लखनऊ जा रहा था कि पीछे से अज्ञात ट्रक नें बाइक टक्कर मार दी जिससे युवक घायल हो गया लखनऊ के राजाजीपुरम निवासी हर्षित अवस्थी पुत्र रामेश्वर अवस्थी उम्र 22वर्ष कन्नौज में अपने रिश्तेदार के यहां भोर पहर कुछ सामान देने मोटरसाइकिल से आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते से जा रहा था कि औरास थाना क्षेत्र में पहुंचते ही कुछ सामान घर पर ही भूल आने की याद आने पर युवक यू टर्न लेकर वापस लखनऊ जाते समय प्वाइंट संख्या 271 के पास पीछे आ रहे अज्ञात ट्रक नें टक्कर मार दी जिससे युवक घायल हो गया जानकारी मिलने पर यूपीडा कर्मियों नें एंबुलेंस कि मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया जंहा तैनात चिकित्सकों नें इलाज करने के बाद युवक को घर भेज दिया।

### एक हफ्ते से गायब व्यापारी का पता नहीं

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, अमरोहा के हसनपुर में व्यापारी नेता संदीप अग्रवाल की गुमशुदगी के मामले में आठ दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस स्थिति को लेकर नगर के व्यापारी एकत्र होकर कोतवाली पहुंचे और कस्बा इंचार्ज से व्यापारी नेता की शीघ्र बरामदगी की मांग की है।हसनपुर नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी संदीप अग्रवाल व्यापार मंडल और अन्य सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे।

# महसी के सिसैया चूड़ामणि मे पहुंचे सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने भेड़िया पीड़ितों से मिलकर दी उन्हें सांत्वना

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। रविवार को जनपद बहराइच के तहसील क्षेत्र महसी अंतर्गत भेड़िया प्रभावित क्षेत्र सिसैया चूड़ामणि गांव में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। श्री योगी के बहराइच पहुंचने पर आवाम ने काफी गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।महसी के सिसैया चूड़ामणि गांव में लगभग 3:30 बजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर सुनिश्चित स्थान पर उतरा। जनपद के दिग्गजों की उपस्थिति में समर्थकों में काफी जोश व उत्साह दिखा। जय श्री राम, योगी-मोदी के नारों से क्षेत्र गुंजायमान रहा। काफी उत्साह के साथ सभी ने फूलमालाओं से प्रदेश के मुखिया का स्वागत किया तत्पश्चात उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा कि बाढ़ की स्थिति से जंगली जीवों का आगमन बस्तियों की तरफ होता है जहां शिकार के तौर पर जनहानि कर देते हैं। अभी तक आठ जनहानियां एवं कई बच्चे घायल हुए हैं।शासन द्वारा जनपदीय प्रशासन को शख्त निर्देश दिए गए हैं जिस क्रम में अब तक पांच भेड़ियों का सफल रिस्क्यू किया गया है एक शेष बचा है, यदि जल्द ही पकड़ा नहीं जाता है और कोई जनहानि की संभावना हो इससे पूर्व ही उसे शूट करने का आदेश भी दिया गया है।इसी के साथ डबल इंजन सरकार की नीतियों एवं योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। श्री योगी ने भेड़िया पीड़ितों के परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना देते हुए 5- 5 लाख रुपयों की आर्थिक सहायता भी प्रदान किया है। इस अवसर पर भाजपा पार्टी से मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायकगण, पार्टी के सभी वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारीगण, काफी अधिक संख्या में दूर-दूर से पहुंचे पार्टी कार्यकर्तागण, दूर-दूर से पहुंचे योगी प्रशंसक, ग्रामीणजन, जनपद के सभी पत्रकार बंधु एवं जनपदीय प्रशासन भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहा।

# जनपद में धूमधाम से मनाया जाएगा दुर्गा पूजा महोत्सवः सुदामा मिश्रा

## श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई आयोजित

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना,पूजन एवं विसर्जन के लिए श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक शहर के काजीकटरा स्थित महामंत्री सुदामा मिश्रा के आवास पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के कार्यवाहक अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह टिंकू ने किया।महासमिति के महामंत्री सुदामा मिश्रा ने वर्ष 2022 व वर्ष 2023 का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसे पदाधिकारियों ने ध्वनिमत से सहमति प्रदान की। महामंत्री सुदामा मिश्रा ने पिछले वर्ष सकुशल विसर्जन सम्पन्न करवाने के जिला प्रशासन व पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि गत वर्षों की भांति जनपद में इस बार भी आगामी 03 अक्टूबर से दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा महासमिति दुर्गा पूजा उप समितियों से समन्वय बनाकर आगामी दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना,पूजन व सकुशल विसर्जन के लिए कटिबद्ध है।बैठक में आगे उन्होंने बताया कि एक प्रतिनिधिमंडल जनप्रतिनिधियों के साथ शीघ्र जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेगा।उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के समन्वय से दुर्गा पूजा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने महासमिति के पदाधिकारियों,सदस्यों से अपील की कि सभी अपना वार्षिक रिनीवल अवश्य करवा लें। महासमिति के कार्यवाहक अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह टिंकू ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में चंद्रभान सिंह संचित, विनोद कुमार रस्तोगी एडवोकेट, सुधाकर मिश्रा एडवोकेट ,शिवशरण सिंह, पवन जायसवाल, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, कन्हैया सोनी, आत्माराम यादव,विपिन यज्ञसैनी, रामजी शुक्ला, सत्येंद्र शुक्ला, गौरव तिवारी, ज्ञानेंद्र धर शर्मा, लव कुमार द्विवेदी,देवेन्द्र कुमार गुप्ता, बैजनाथ रस्तोगी,राजकुमार सोनी, सुरेश गुप्ता,अर्पित श्रीवास्तव,विमल मिश्रा मौजूद रहे।

# 500 ग्राम नाजायज चरस के साथ महिला गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। बहराइच अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी व मादक पदार्थो की तस्करी पर रोकथाम एवं मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियो की धरपकड़ के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युमन सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम चौकी उ0नि0 संतोष कुमार यादव ब व म0उ0नि0 रौशनी वर्मा मय हमराह पुलिस बल व एसएसबी बल द्वारा एसएसबी चेक पोस्ट रुपईडीहा पर संयुक्त चेकिग के दौरान एक महिला सीता कुमारी बुढा पत्नी गणेश प्रसाद बुढा निवासी मिरुल वार्ड नं0-04 जिला रोल्पा राष्ट्र नेपाल उम्र करीब 44 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिनकी तलाशी से 500 ग्राम बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0416/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। तत्पश्चात न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया गया।

# कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को दिए गए सफलता के टिप्स

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज के मदनी इंटर कॉलेज में एक कैरियर काउंसलिंग गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के छात्रों को सफलता के टिप्स दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी रईस अहमद ने की, जबकि संचालन प्रधानाचार्य डॉ. अरशद रईस ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षाविद् और मोटिवेशनल स्पीकर चांद बाबू ने छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी भारत का भविष्य हैं और उन्हें अपने लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी व परिश्रम से उसे हासिल करना चाहिए। चांद बाबू ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के युवा आज पूरी दुनिया में अपनी योग्यता के लिए पहचाने जा रहे हैं, और मदनी इंटर कॉलेज के छात्रों को भी विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अरशद रईस ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ ऐसे कार्यक्रम छात्रों के विकास के लिए आवश्यक हैं। इस मौके पर मोनिस अहमद, रियाजुर्रहमान मलिक, मुशीर अहमद, अनीस अहमद, रजनीश पाठक समेत अन्य गणमान्य लोग और अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# गंगापुर में धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश उत्सव

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। जनपद बहराइच के विकास खंड नवाबगंज अंतर्गत गंगापुर गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश उत्सव बड़े ही धूमधाम एवं पारम्परिक तरीके से मनाया गया। जिसमें मथुरा से आए आदर्श रास लीला एवं राम लीला के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां और भगवान श्री कृष्णा के जीवन चरित्र को दिखाया गया ।जिसमें ग्रामवासियो के साथ आसपास के दर्जनों गांव के लोगों ने इस भव्य उत्सव का आनंद उठाया। इस कार्यक्रम को कुशल रुप से सम्पन्न कराने में गणेश पूजा समिति के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की अहम भूमिका है जिसमे मुख्य रूप से रामगोपाल पाठक, सनी कुमार शर्मा, पवन कुमार शर्मा, संजय वर्मा, पंकज वर्मा, शिवम शर्मा, अनूप पाठक, प्रशांत पाठक, दीपक शर्मा, अंकित शर्मा, विपिन कुमार शर्मा, जितेंद्र शर्मा महेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, सत्यम शर्मा, दुर्गेश कुमार शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ताओ का योगदान सराहनीय रहा।

# नागरिको की मांग पर अधिशासी अधिकारी ने कराई जल निकासी की व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8, मस्जिद वाली गली में जलनिकासी की व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अधिशासी अधिकारी शिवम द्विवेदी और वार्ड के सभासद प्रतिनिधि हिंमाशु सिंह की मौजूदगी में जलनिकासी के काम की शुरूआत की गई। इस कार्य का उद्देश्य गली में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या का समाधान करना है, जिससे स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी हो रही थी। अधिशासी अधिकारी श्री द्विवेदी ने बताया कि इस क्षेत्र में पानी के जमाव के कारण नागरिकों को स्वास्थ्य और आवागमन संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए जलनिकासी की प्रभावी योजना तैयार की गई और उसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। वहीं स्थानीय सभासद अध्यक्ष प्रतिनिधि हिमांशु सिंह ने कहा कि यह कार्य नगर पंचायत के विकास और लोगों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर सभासद रोहित मौर्या, मो0 सैफ, फिरोज आकिब, हीरालाल मौर्य आदि सभासद प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ईद मिलादुन्नबी की तैयारियां पूरी, 16 को निकलेगा विशाल जुलूस

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ 16 सितंबर सोमवार को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां पिछले कई दिनों से हो रही है। नगर के साथ ही क्षेत्र भर की मस्जिदों, दरगाहों व मकानों को बेहद खूबसूरती से सजाया गया है। इसके अलावा बाजार में दुकानें भी खूब सजी हुई हैं। वहीं नगर व गांवों की गली-मोहल्ले की सड़कों को दोनों किनारे से सजाया गया है। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बांगरमऊ, गंजमुरादाबाद नगर सहित क्षेत्र के कई गांवों में हर साल की तरह इस साल भी सोमवार को जुलूस निकाले जाएंगे। जूलूस में अलग-अलग स्कूलों, मदरसों के छात्र-छात्राओं के साथ ही काफी बड़ी तादात में मुस्लिमों की शिरकत होती है। वहीं इसमें नगर के प्रमुख व्यक्ति हिस्सा लेते हैं। वहीं क्षेत्र भर में लोगों ने अपनी मस्जिदों और अपने अपने घरों को दुल्हन की तरह सजाया है। बांगरमऊ नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा (गोल कुआं), मुकरियाना, दरगाह मोहल्ला, सय्यादवाड़ा, नसीमगंज सहित तमाम मस्जिदो समेत अपने अपने मोहल्लों की गलियों को भी खूब सजाया गया है। हर जगह मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद मिलादुन्नबी नबी के जूलूस की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# अपराध निरोधक समिति रुपईडीहा कार्यकारिणी की कानपुर में बैठक सम्पन्न



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेशीय कानपुर में अपराध निरोधक समिति उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में कमलेश श्रीवास्तव चेयरमैन उत्तर प्रदेश द्वारा जेल विजिटर समस्त कारागार उत्तर प्रदेश व संतोष कुमार श्रीवास्तव प्रदेशीय सचिव उत्तर प्रदेश, अपराध निरोधक समिति के साथ बहराइच जिला के केशव कुमार मौर्य जिला सचिव जेल विजिटर जिला कारागार बहराइच तथा शेर सिंह कसौधन को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। विनोद कुमार कुशवाहा को जिला उप सचिव मनोनीत किया गया एवं विष्णु कुमार गुप्ता को संगठन मंत्री मनोनयन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत रुपईडीहा में कमेटी के विस्तार हेतु गांधी जयंती के शुभ अवसर पर समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारी को आदेशित किया गया की वह पुलिस लाइन एवं सभी थानों पर जाकर ध्वजारोहण करवायें।

# गणेश सेवा समिति द्वारा श्रंगार दर्शन का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। आजाद नगर स्थित गणेश पूजा पांडाल पर शनिवार की रात श्रृंगार दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। मान्या गुप्ता, अनिका, परी गुप्ता, रिया कसौधन, अंशिका कौशल, ऋषिता जायसवाल, वैष्णवी गुप्ता (लाडो) पायल, रिया, मन्नत, अर्पिता आदि नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु समिति द्वारा इनाम भी दिया गया। कार्यक्रम में आजाद नगर के सभासद राजकुमार गुप्ता और ए टू जेड अंकल ने बच्चों को प्रोत्साहन परुस्कार दिए। इस अवसर पर गणेश सेवा समिति के अध्यक्ष ऋषभ कौशल महामंत्री अभय कौशल संतोष वर्मा कोषाध्यक्ष अनुज कौशल अमित कौशल धर्मेन्द्र कौशल सुरेंद्र जायसवाल मुनीश चन्द शर्मा योगेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विसर्जन यात्रा शांति पूर्वक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास कस्बे में स्थित जंगलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में गणेश चतुर्थी के दिन गणेश महोत्सव का आगाज हुआ था वही भजन संध्या के साथ विभिन्न कलाकारो ने झाकियों के माध्यम से आमजन का मन मोह लिया वही शनिवार को बप्पा जी को भोग लगाने के बाद बिदा कर दिया गया वही उनकी विसर्जन यात्रा रविवार को दोपहर लगभग एक बजे जंगलेश्वर महादेव मंदिर से मय पुलिस प्रशाशन की मौजूदगी में चली वही विसर्जन यात्रा औरास से सदर बाजार, कटरा औरास, से होते हुए पुलिया से कबरोइ रोड होते हुए सई नदी में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया वही उनके भक्तों ने नारों में गड़पति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ आदि नारों से सड़के गूंज उठी इस मौके पर संजय मोबाइल राकेश कुमार अध्यक्ष नगर पंचायत औरास मोनू सभासद प्रियम गुप्ता दीपक निगम दिशांत गुप्ता थाना प्रभारी औरास अश्वनी कुमार मिश्र मधुर सिंह मनोज तिवारी पवन कुमार शर्मा अजय शर्मा अमित सैनी किशन कश्यप लकी सिंह आचार्य विशाल गुरुकुलम के अलावा पुलिस स्टाफ के अलावा कस्बे व क्षेत्र वासी बप्पा जी के विसर्जन यात्रा में शामिल रहे।

# 25-25 हजार के दो इनामी गिरफ्तार

## सरकारी धान केंद्र पर 1 करोड़ 45 लाख रुपए का गबन करने का है आरोप

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर में पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने मिलकर सरकारी धान क्रय केंद्र से करीब 1 करोड़ 45 लाख 14 हजार 765 रुपए के गबन के आरोप में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिन पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।10 अगस्त को विकास खंड मिठवल के सहायक विकास अधिकारी प्रदीप कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि करीब 80 लाख और 65 लाख रुपये की धान खरीदी में गबन किया गया है। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की एसपी प्राची सिंह ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त अच्युतानंद मणि त्रिपाठी ने बताया कि वह मिठवल के नेउसा विकास खंड में धान क्रय केंद्र का प्रभारी था। उसने किसानों से 10,340 क्विंटल धान खरीदा, लेकिन मिल को सिर्फ 6,885.650 क्विंटल धान भेजा। बाकी 3,454.350 क्विंटल धान नहीं भेजा गया। जिसका मूल्य 80,48,635 रुपये है। उसने केवल 1 लाख रुपये जमा किए। बाकी 79,48,635 रुपये नहीं जमा किए। दूसरे अभियुक्त शिवानंद मणि त्रिपाठी ने बताया कि वह मिठवल के जीवा विकास खंड में धान क्रय केंद्र का प्रभारी था। उसने किसानों से 10,031 क्विंटल धान खरीदा। लेकिन मिल को सिर्फ 7,170 क्विंटल धान भेजा।

# बाइक सवार दो लोगों ने युवक पर की फायरिंग

अमन लेखनी समाचार


अमेठी में देर शाम ग्राउंड पर दौड़ की प्रैक्टिस कर साइकिल से घर जा रहे युवक पर बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचे से फायर कर दिया। हमले में युवक बाल-बाल बच गया, उसकी पीठ में चोट आई है।हमला करने के बाद बदमाश फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के थानों के अलावा सीओ मौके पर पहुंचे। घटना के विषय में युवक से पूछताछ की।दरअसल ये पूरा मामला रामगंज थाना क्षेत्र के अग्रेसर और सोनारी ग्राम सभा के बॉर्डर का है।देर शाम करीब साढ़े सात बजे सौरभ ग्राउंड से दौड़ की प्रैक्टिस करके साइकिल से वापस घर जा रहा था, तभी रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचे से फायर कर दिया। जिसमें 18 वर्षीय सौरभ यादव घायल हो गए। गोली उसकी पीठ को छूते हुए निकल गई। सौरभ यादव रामगंज थाना क्षेत्र के गांव नकछेद का पुरवा मजरा सोनारी का निवासी है।घटना को अंजाम देकर बदमाश असलहा लहराते हुए फरार हो गए। घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर ले जाया गया है। सूचना पर पीआरवी और रामगंज थाना पीपरपुर प्रभारी व सीओ अमेठी लल्लन सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं थाना प्रभारी रामगंज अजयेंद्र पटेल ने कहा घायल के निशानदेही पर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



# ऑनलाइन गेम के नाम पर 8 लाख रुपये की ठगी

- ठग ने व्हाट्सएप कॉल कर पैसे लगाने को कहा, एसपी के आदेश पर एफआईआर दर्ज

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, हापुड़ जिले के थाना हाफिजपुर क्षेत्र के गांव चितौली में एक युवक और उसके पिता के खाते से साइबर ठगों ने ऑनलाइन गेम के नाम पर 8 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर दी। आरोपियों ने युवक को जेल भेजने और सजा कराने की धमकी भी दी। पुलिस ने एसपी के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव चितौली निवासी विनोद बाना ने बताया कि उसका भतीजा नमन वर्ष 2024 में नौकरी के लिए ऑनलाइन तैयारी कर रहा था। इसी दौरान उसके मोबाइल पर एक ऑनलाइन गेम खेलकर पैसे कमाने का मैसेज आया। इसके बाद उसी नंबर से भतीजे को व्हाट्सएप कॉल आई। कॉलर ने गेम को आरबीआई से अधिकृत बताकर भतीजे से 100 रुपये में पंजीकरण कराने को कहा। भतीजे ने 27 अप्रैल 2024 को पंजीकरण करा दिया और अपने बैंक खाते को संबंधित आईडी से जोड़ लिया। आरोपियों ने बाद में भतीजे से पैसे लगाने की बात की। मना करने पर आरोपियों ने समझौते की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए जेल भेजने और सजा कराने की धमकी दी।

# संक्षेप

## जालौन में वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अमन लेखनी समाचार

जालौन, जालौन में बाइक सवार वृद्ध की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वृद्ध बाइक से जा रहा था। जिसे अचानक चक्कर आया और वह सड़क पर गिर गया। जिसे देखते हुए स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी जैसे ही पुलिस को हुई मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र की है। औरेखी के रहने वाले 65 वर्षीय तुलसीराम अपनी बहन के घर ग्राम हरौली गया हुआ था। वह मोटरसाइकिल से लौटकर अपने घर औरेखी जा रहा था। माधौगढ़ पहुंचा तभी उसकी अचानक तबियत बिगड़ने लगी, जिस पर उसने मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी की और वह बेहोश होकर सड़क किनारे गिर पड़ा, जिसे देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने बेहोशी की स्थिति में देखते हुए तत्काल उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच करने के बाद परिजनों के इसके बारे में अवगत कराई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## खुर्जा में हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल सस्पेंड

अमन लेखनी समाचार

खुर्जा, बुलंदशहर के खुर्जा तहसील क्षेत्र में एनएच 34 के पास स्थित धरपा चुहरपुर गांव के समीप एक अवैध वाहन कटान फैक्ट्री का मामला सामने आया है। एडीजी के निदेर्शों के बाद एसएसपी श्लोक कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा थाने के कई सिपाही भी जांच के घेरे में हैं। धरपा चुहरपुर गांव में पिछले 8 महीनों से गैर राज्यों से चोरी के वाहन लाकर अवैध तरीके से काटे जा रहे थे। यह कटान फैक्ट्री स्थानीय थाना पुलिस की सरपरस्ती में धड़ल्ले से चल रहा था। एडीजे डीके ठाकुर के निर्देश पर जब पुलिस ने फैक्ट्री पर छापा मारा, तो मौके से तीन चोरी की गाड़ियां और 250 से अधिक वाहनों के अवशेष बरामद हुए। हैरानी की बात यह थी कि फैक्ट्री के दस्तावेजों में इन वाहनों की कोई एंट्री दर्ज नहीं थी। सस्पेंड किए गए हेड कांस्टेबल पंकज राना और कांस्टेबल जितेंद्र सिंह की लापरवाही के चलते पुलिस की छवि पर सवाल खड़े हो गए हैं। एसएसपी ने फरार मुख्य आरोपी फैक्ट्री के मालिक अदनान और मैनेजर सादिक पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। मामले में 19 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि फैक्ट्री का मालिक ही वाहनों की चोरी करवा रहा था। पुलिस अब पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और अन्य शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# नेशनल इंजीनियरिंग-डे पर गोष्ठी का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर एवं द इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स लोकल चैप्टर गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान में संस्थान के डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में नेशनल इंजीनियर डे के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गयो कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गयो इस वर्ष नेशनल इंजीनियर्स डे 2024 का थीम ₹ ड्राइविंग सस्टेनेबिलिटी विद इंजीनियरिंग सालूशन्स एंब्रेसिंग द लेटेस्ट एआई ड्राइवन टेक्नोलॉजीज पर आधारित रहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूतपूर्व मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग एवं एमएमयूटी एलुमुनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष इं जे बी रॉय रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए द इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स लोकल चैप्टर गोरखपुर के अध्यक्ष इं पी के मिश्रा ने कहा कि डॉ. मोक्षगुंडम ने 32 साल की उम्र में सिंधु नदी से सुक्कुर कस्बे तक पानी पहुंचाने के लिए एक प्लान बनाया। कार्यक्रम का संचालन शालिनी सिंह के द्वारा किया गयो इस अवसर पर फामेर्सी के निदेशक डाक्टर पीडी पांडा, डॉ आर एल श्रीवास्तव, डॉक्टर मनोज कुमार मिश्रा, इं आरसी पांडे, इं एम डब्लू बेग, इं आशीष कुमार सिंह इं मनोज कुमार शर्मा, इं पवन कुमार, इं विनीत राय, खुशबू यादव, अमरजीत यादव, अगिनेश्वरधर दुबे, वीरेंद्र विक्रम सिंह शहीद संस्थान के सभी शिक्षक एवं छात्राएं मौजूद रहे।

# दंगल कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाया दमखम

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत समुदा के मां समय जी व्यामशाला बनझुगिया में रविवार को विराट दंगल कुश्ती का आयोजन हुआ। जिसमे चार दर्जन से अधिक पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। कई जोड़ी कुश्तियों में भारी इनाम भी रखा गया था। पहलवानों के करतब देख दर्शको द्वारा खूब साबासी दी जा रही। दंगल कुश्ती का उद्घाटन समाज सेवी बैजनाथ सेठ द्वारा फीता काट कर किया गया। इस दौरान उन्होंने ने कहा की कुश्ती एक प्राचीन कला पूर्वजों के जमाने में भी मल युद्ध हुआ करते थे। साथ में ग्रामीण अंचल में ऐसे आयोजनों से क्षेत्र की प्रतिभा में निखार आता है। और ये प्रतिभा देश और दुनिया में क्षेत्र का नाम रोशन करते है। कार्यक्रम का संचालन उमेश राय तथा रेफरी का कार्य गंगा प्रसाद यादव ने किया। दंगल कुश्ती प्रतियोगिता के अध्यक्ष विंध्याचल सिंह ने आए हुए आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान धरणीधर त्रिपाठी, मनोज गुप्ता, अमित कुमार जायसवाल, आनंद सिंह, राजाराम कन्नौजिया, एसओ विशाल सिंह, सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# नगर पंचायत घघसरा मे निकाली गई खाटू श्याम के निशान शोभा यात्रा

## बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओ ने लिया भाग



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। श्याम सेवा समिति द्वारा नगर पंचायत घघसरा में निशान शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष सहित श्रद्धालुओ ने भाग लिया। शोभा यात्रा दुर्गा मंदिर से निकलकर शहीद जेठू नगर होते हुए हनुमंत नगर मे स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में खाटू श्याम की झाकी निकाली गई।स्थानीय लोगों द्वारा श्रद्धालुओ के लिए जगह जगह जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। यात्रा के दौरान पुलिस व्यवस्था काफी चाक चौबंद रही। शोभा यात्रा में चेयरमैन प्रभाकर दुबे, रमेश चंद्र मद्धेशिया, आलोक त्रिपाठी, अशोक कसौधन, राजू, कृष्ण मोहन, रामजी, प्रदीप धर दुबे, अशोक पांडेय, विनोद पांडेय, संतोष पांडेय, सुरेंद्र वर्मा, विनोद कुमार, मोहित, गोलू बलराम पांडेय सहित सभी वार्डो से सैकड़ों की संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत के वर्षों से बंद पड़े रास्ते को खोला गया



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत नेवास में वर्षों से बंद पड़े निषाद समुदाय की तरफ जाने वाले रास्ते को ग्राम पंचायत द्वारा खुलवाया गया। इसके पूर्व दबंगों द्वारा उस कब्जा किया गया था, जिसको खुलवाना नामुमकिन लग रहा था। घघसरा चेयरमैन प्रभाकर दुबे व विधायक प्रदीप शुक्ल की पहल पर ग्राम प्रधान नीशू त्रिपाठी की अध्यक्षता में- दोनों पक्षों में सहमति बनी। इस बात को लेकर गांव सभा में खुशी का माहौल है। निषाद टोले पर आने जाने वाली सड़क पर मरम्मत व सफाई कार्य शुरू किया गया।

# बाजार से सब्जी लेकर घर जा रहे युवक को मनबढों ने मारपीट कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दरघाट निवासी पवन कुमार पुत्र बृजेश ने थाना पुलिस को तहरीर देकर पांच नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट और जान माल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दरघाट निवासी पवन कुमार पुत्र बृजेश ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार को शाम साढ़े सात बजे हरपुर साप्ताहिक बाजार से सब्जी खरीदकर घर जा रहे थे कि दरघाट पुलिया के पास पहले से घात लगाकर बैठे आदित्य पुत्र राजू पासवान, संजीत पुत्र सीताराम, रवि पुत्र राम करन, बिशाल पुत्र बीरमल्ल, अभिशेष पुत्र महेश तथा कुछ अन्य अज्ञात लोगों ने मुझे पकड़ लिए और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा और गाड़ी के साकर से मारपीट कर घायल कर दिए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि पवन कुमार की तहरीर पर पांच नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 126(2), 352, 151(2)351(3) मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## कोटेदार के गुर्गो ने युवक को पीटा घायल, एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैजलपुर निवासी रामप्रीत चौहान ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कोटेदार के गुर्गो पर मारने पीटने और एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैजलपुर निवासी रामप्रीत चौहान पुत्र लालमन चौहान ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 सितंबर को सुबह 10 बजे के करीब मैं ग्राम पंचायत रेंवड़ा के कोटेदार के यहां से कोटा का राशन लेकर आ रहा था कि रास्ते में घेर कर बैजलपुर कोटेदार के गुर्गे लोरिक यादव के तीनों लड़कों ने मिलकर मुझे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि रामप्रीत चौहान की तहरीर पर लोरिक यादव के तीनों लड़कों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126(2), 352, 351(3) एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# संदिग्ध हालत में मृत अवस्था में मिला किशोरी का शव

## बाईपास के किनारे मिले किशोरी के शव मे हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत जाफराबाद गांव के समीप बाईपास किनारे एक बगीचे में रविवार की सुबह एक किशोरी अक्सरा उम्र 13 वर्ष पुत्री स्वर्गीय दिलशाद निवासी मोहल्ला जहांनपुर कस्बा बिंदकी कोतवाली बिंदकी का हत्या युक्त शव देखा गया तो हड़कंप मच गया सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया इस मामले में मृतक किशोरी के बाबा फरीदी ने बताया कि उसकी सुपौत्री शनिवार की शाम करीब 4:00 बजे घर से लापता हुई थी रात भर खोज बीन की गई रविवार की सुबह शव बगीचे में पड़ा देखा गया इस मामले में कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच में पूरी टीम कर रही है वही मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल एवं अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर पांडेय ने बताया कि रविवार की सुबह किशोरी के शव की जानकारी मिली जिसकी प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका के आधार पर जांच की जा रही है वही शव को मौके पर परिजनों द्वारा पहचान के बाद पंचनामा पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है और घटना का शीघ्र अनावरण किया जाएगा

# जौनपुर में प्रधानपति ने महिला और बच्चों को पीटा

- आवास के नाम पर रुपए लिए, साथियों के साथ घर में घुसकर सामान तोड़ा

अमन लेखनी समाचार



जौनपुर, जौनपुर में एक महिला ने प्रधानपति पर साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा आवास के नाम पर रुपए लेने और घर का सामान तोड़ने का भी आरोप लगया है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पेसारा में को प्रधानपति जयहिन्द रसीला और उनके साथियों पर साधना देवी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। साधना देवी का कहना है कि प्रधानपति ने अपने साथियों के साथ उनके घर में घुसकर उनकी मारपीट की और उन्हें घायल किया और उनके गले से चेन और कान की बाली छीन ली। आरोप है कि इस घटना के दौरान प्रधानपति ने साधना देवी के घर का दरवाजा भी तोड़ दिया और उनके बच्चों को ऊपर से उठाकर नीचे पटक दिया, जिससे उन्हें चोटें आई हैं। साधना देवी ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि प्रधानपति ने पहले आवास निर्माण के नाम पर उनसे पचास हजार रुपये लिए थे। उन्होंने आवास बनाने की बात की, तो प्रधानपति और उनके साथियों ने मारपीट की और घर के सामान को नुकसान पहुंचाया। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर ली गई है और पुलिस छानबीन कर रही है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि मामले की पूरी जांच की जाएगी और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मां के दरबार में आयोजित होगा श्री शत चण्डी महायज्ञ

## बृजभूमि की प्रसिद्ध रासलीला का होगा मंचन महोत्सव की तैयारियां जोरो पर



अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर के प्रमुख पुजारी आयुष द्विवेदी ने बताया कि मंदिर में वैदिक आचार्यों द्वारा श्री शतचण्डी महायज्ञ के साथ मथुरा की प्रसिद्ध रासलीला का मंचन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। साथ ही विविध रुपो मे मां की दिव्य झाकियों का श्रंगार किया जाता है। जिसकी तैयारियां वर्तमान समय में जोरो पर है। दिनांक ३ अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि महोत्सव का आयोजन विविध रुपो मे विविध क्षेत्रों में किया जाता है। इसी क्रम में ऐतिहासिक नगरी खजुहा में स्थित मां पन्थेश्वरी धाम में भी शारदीय नवरात्रि महोत्सव का कार्यक्रम भव्य. एवं दिव्य रूप में आयोजित किया जाता है। गत वर्षो से मंदिर मे शारदीय नवरात्रि महोत्सव आयोजन की जिम्मेदारी देख रही (लंगूर वाहिनी सेवा समिति संस्था) मंदिर को भव्यता देने मे जुटी है।

# सत्ता पर सरकार सुरक्षित नहीं मंडल उपाध्यक्ष

## दबंग ग्रामीण ने गाली गलौज कर जान से मारने की दी धमकी

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। देश प्रदेश में भले ही बीजेपी सरकार अपनी तानाशाही तथा शासन को चुस्त दुरुस्त बना रखे हो लेकिन जनपद एवं ब्लॉक स्तर के प्रतिनिधि सुरक्षित नहीं दिखाई दे रहे जीता जागता उदाहरण जनपद के अमौली मंडल ब्लाक उपाध्यक्ष सोमेश्वर पटेल उर्फ.ओमे निवासी गांव डिघरुवा थाना जाफरगंज को गांव के ही एक दबंग ने फोन पर अनगिनत गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी जिसका ऑडियो जोर शोर से वायरल हुआ मंडल उपाध्यक्ष को गाली गलौज करते हुए दबंग ने क्षेत्रीय विधायक जहानाबाद को भी एक ताक में रख दिया वहीं समाजसेवी मंडल उपाध्यक्ष सोमेश्वर पटेल वर्तमान विधायक एवं बीजेपी सरकार की कार्य कुशलता पर गहरा धब्बा लगाया भयभीत होकर मंडल उपाध्यक्ष ने नजदीकी पुलिस चौकी देवरी बुजुर्ग में दबंग रमेश चंद्र उर्फ रामू पुत्र अच्छेलाल के खिलाफ लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई वही बीजेपी के अन्य जनप्रतिनिधियों को भी यह सूचना मिली जहां कार्यकताओं में गहरा आक्रोश देखने को मिला देखना यह है कि सत्ताधारी सरकार के विकासखंड स्तर के कार्यकर्ता को ऐसे दबंग से बचाव के लिए प्रशासन क्या न्याय देता है।

# घोरावल-रॉवट्र्सगंज सड़क गड्ढों में तब्दील

- लोगों को आने जाने में होती है दिक्कत, बोले-पैदल चलना भी मुश्किल

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र के घोरावल-रॉवट्र्सगंज मार्ग पर स्थित घोरावल नगर से खुटहा बॉर्डर तक की सड़क की हालत अब तक की सबसे खराब स्थिति में पहुंच गई है। बारिश ने गड्ढों की समस्या को और बढ़ा दिया है, जिससे सड़क पर चलना दूभर हो गया है। घोरावल नगर से मुख्यालय को जोड़ने वाली यह सड़क अब खस्ताहाल हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और हालात इतनी खराब हैं कि पैदल चलने वाले और साइकिल से आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते दो माह पहले घोरावल तहसील दिवस में मंडलायुक्त मुथु कुमार स्वामी ने सड़क की स्थिति देखकर नाराजगी जाहिर की थी और अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी। इसके बाद सड़क को गिट्टी डालकर और पेंटिंग करके दुरुस्त किया गया था, लेकिन यह मरम्मत इतनी घटिया गुणवत्ता की थी कि सड़क जल्दी ही फिर से गड्ढों में तब्दील हो गई है। अब सड़क पर जलजमाव हो रहा है, जिससे पैदल चलने वालों का जीना दुश्वार हो गया है। घोरावल के राजकीय इंटर कॉलेज, भारतीय इंटर कॉलेज, सोनान्चल इंटर कॉलेज समेत अन्य विद्यालयों में पढ़ने वाले हजारों छात्र-छात्राएं इसी रास्ते से आते-जाते हैं और गड्ढों के कारण परेशान हैं। भारतीय स्टेट बैंक और इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने भी सड़क पर कीचड़ युक्त पानी भर गया है, जिससे राहगीरों के कपड़े गंदे हो रहे हैं और गाड़ियों की छींटों से लोग परेशान हो रहे हैं। सड़क की पटरियां इतनी ऊंची हो गई हैं कि पानी नाली में नहीं जा पा रहा, बल्कि सड़क पर ही बह रहा है। इस जलजमाव से सड़क की सतह उखड़कर बर्बाद हो रही है।

# मेरठ में युवती के अपहरण की कोशिश

## कई दिन से घर की कर रहा था रेकी, परिवार के लोगों को दी धमकी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में एक युवक ने घर में अकेली युवती के अपहरण का प्रयास कर दिया। युवती के विरोध करने पर दबंग ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। पीड़ित युवती का शोर सुनकर मोहल्ले के लोग उसे बचाने दौड़े तो दबंग उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। सूचना पर पीड़िता के परिवार वाले मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिवार थाने पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी युवक काफी समय से उनके मकान में ताक झांक भी करता था और विरोध करने पर झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी भी दे रहा था।

# सीतापुर में बारिश होने से सड़कों पर जलभराव

- डीएम ने 8वीं तक स्कूल बंद करने के दिए आदेश, गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में शुरू हुई झमाझम बारिश रुक-रुक कर भी जारी रही। तेज हवाओं के साथ हो रही झमाझम बारिश के चलते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कक्षा1 से 8 तक के सभी शिक्षण संस्थानों को शुक्रवार को बंद रखने के निर्देश दिए। ग जिलाधिकारी ने सभी शिक्षण संस्थानों को आदेश जारी कर निर्देश दिए थे। तेज हवाओं के साथ देर रात तक रुक-रुक कर होती रही बारिश से किसानों की फसलों को जहां फायदा हुआ है। वहीं बारिश के बाद चलती तेज हवाओं के चलते किसानों की 20 फीसदी फसल गिर जाने से भारी नुकसान हुआ है। रुक-रुक कर हुई देर रात बारिश के चलते शहर के अधिकांश हिस्सों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। लोग सड़कों पर बह रहे पानी के बीच निकलने को मजबूर है। मौसम विभाग की जानकारी को माने तो आगामी 24 घंटे में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अनुमान है। रुक-रुक हो रही बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति भी बदहाल है।

# बारहवीं शरीफ और कंशवध मेले को लेकर डीआईजी और कमिश्नर ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



मौदहा,हमीरपुर ।बारवीं शरीफ और बुण्देलखण्ड के वड़े सांस्कृतिक आयोजन कंशवध मेले को लेकर मण्डलायुक्त और डीआईजी ने कस्बे के गेस्ट हाउस में समाज के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक कर दोनों त्योहार को सकुशल और हर्सोल्लास के साथ मनाने की बात कही। बुण्देलखण्ड के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल मौदहा के कंशवध मेले और मुस्लिम समुदाय के सबसे बड़े त्योहार ईद-मिलादुन्नबी ( बाहरवीं शरीफ ) को लेकर रविवार की दोपहर कस्बे के लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में मण्डलायुक्त और डीआईजी भानू भास्कर ने मौदहा के सभ्रांत लोगों के साथ औपचारिक बैठक की ।इस दौरान दोनों त्योहार बारहवीं शरीफ और कंशवध मेले के सभी आयोजनों को परम्परागत तरीके से आपसी सहयोग और भाईचारे के साथ मनाने की बात कही। इस दौरान पटाखों से बचने की अपील भी की गई साथ ही बताया कि दोनों त्योहारों पर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी, इसलिए कोई भी किसी तरह का गलत काम न करें जिससे पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़े। इस दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र, क्षेत्राधिकारी आशीष यादव सहित कस्बे के कारी सनाउल्लाह, जयप्रकाश त्रिपाठी, लाला मास्टर, मुबीन खान, धनीराम गुप्ता, इद्दू पहलवान सहित नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अमेठी में नवविवाहिता को सांप ने डंसा, मौत



● लखनऊ में चल रहा था इलाज, जुलाई में हुई थी महिला की शादी

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के पसियाना धोएं गांव में जहरीले सांप के काटने से एक नवविवाहिता की मौत हो गई।26 वर्षीय लक्ष्मी, जो राहुल की पत्नी थीं।लक्ष्मी को बुधवार को जहरीले सांप ने काट लिया था। इसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान देर रात लक्ष्मी की मौत हो गई। लक्ष्मी की मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। रविवार दोपहर लक्ष्मी का शव घर पहुंचा। लक्ष्मी की शादी 11 जुलाई को राहुल से हुई थी। पति राहुल ने बताया कि बुधवार की रात लक्ष्मी सो रही थीं। तभी जहरीले सांप ने डस लिया। इसके बाद तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। जहां से उन्हें लखनऊ के लिए रेफर किया गया था। लक्ष्मी के इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई।

# गरौठा के लाल मोहनलाल सुमन ने फिर बढ़ाया झांसी का मान, परिवार सहित गुजरात में हुए सम्मानित

**गुजरात के पाटन में मिला हेमचंद्राचार्य राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2024**

अमन लेखनी समाचार




झांसी। अपने बेहतरीन नवाचारों के लिए देश के कई राज्यों में सम्मानित हो चुके नवाचारी शिक्षक मोहनलाल सुमन ने एक बार फिर बढ़ाया झांसी का मान गुजरात के पाटन में शिक्षा सागर फाउंडेशन भारत के द्वारा हुए भव्य सम्मान समारोह में परिवार सहित सम्मानित हुए।देश भर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले 100 शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं? एवं 11 बच्चों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया जिसमें जनपद झांसी के विकासखंड गुरसरांय के उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर में कार्यरत नवाचारी शिक्षक मोहनलाल सुमन को ₹हेमचंद्राचार्य राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2024₹ से सम्मानित किया गया साथ ही इनकी पत्नी संगीता देवी (सहायक अध्यापिका) प्राथमिक विद्यालय मड़ोरा ब्लॉक बड़ागांव को भी सम्मानित किया गया मोहनलाल सुमन की दोनो पुत्रियों अंशिका और यशिका को ₹वनराज चावड़ा बाल टैलेंट सम्मान₹ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोहनलाल सुमन ने कार्यक्रम के संयोजक एवं शिक्षा सागर फाउंडेशन के संस्थापक शैलेश भाई प्रजापति की पेंटिंग बना कर भेंट की जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पदमश्री जेनाभाई पटेल, कल्याणसिंह पुवार, मिगमा सेरपा, विष्णुभाई पटेल, चंदू भाई मोदी राष्ट्रीय अवार्डी, पल्लवी शर्मा, नसीम बानो खोखर, गायत्री मिश्रा, दिनेश भाई, अनिल भाई आदि उपस्थित रहे।

# नवागत जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने किया कार्यभार ग्रहण

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। रविवार को नवागत जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कोषागार पहुँचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचा कर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन में पारदर्शिता तथा जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं को तहसील व ब्लाक स्तर पर ही निस्तारण करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है अतः इसको सुनिश्चित किया जाएगा। नवागत जिलाधिकारी घनश्याम मीना वर्ष 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं जिलाधिकारी के रूप में उनकी यह पहली पोस्टिंग है इससे पहले वह नगर आयुक्त फिरोजाबाद के पद पर कार्यरत थे। वह मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकर नगर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ,अपर जिलाधिकारी न्यायिक ,मुख्य कोषाधिकारी ,समस्त एसडीएम / डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी तथा कलेक्ट्रेट के कर्मचारी मौजूद रहे।

# रहस्यमय तरीके से किशोरी गायब,मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर ।अपने रिश्तेदारों के यहां जाने के लिए बड़े चौराहे से साधन में बैठी किशोरी रहस्यमय तरीके से गायब हो गई, जिसपर पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिजवाही निवासी एक पिता ने तहरीर दी है कि उसने अपनी पंद्रह वर्षीय पुत्री को बीते ग्यारह सितंबर की दोपहर ननिहाल जाने के लिए कस्बे के बड़े चौराहे से आटो में बैठा दिया था लेकिन उसकी पुत्री जब शाम तक ननिहाल नहीं पहुंची तो उसने खोजबीन शुरू की ।पीड़ित ने बताया कि उसने रिश्तेदारी में सभी जगह तलाश लिया है और उसकी पुत्री का फोन भी तभी से बंद जा रहा है जिससे उसे अपनी बेटी के साथ किसी अप्रिय घटना घटने की भी चिंता हो रही है ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अमेठी में सियार के हमले से महिला घायल




● बलरामपुर अस्पताल रेफर, घर के दरवाजे पर सोते समय किया हमला

अमन लेखनी समाचार

प्रदेश के विभिन्न जिलों में जंगली भेड़ियों के आतंक के बीच अमेठी के दरखा ग्रामसभा में जंगली सियार का खतरा बढ़ता जा रहा है। कालू का पुरवा गांव में रविवार सुबह एक सियार के हमले में आरती पत्नी गिरिजा शंकर तिवारी ( 45 वर्ष ) गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के अनुसार, आरती अपने घर के दरवाजे के सामने सो रही थी। तभी अचानक एक जंगली सियार ने उन पर हमला कर दिया। सियार के तीव्र हमले से गंभीर रूप से घायल आरती को उनके परिजनों ने तुरंत गौरीगंज जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया ।इस घटना ने गांव में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से वे अत्यंत चिंतित हैं। किसी भी समय ऐसी घटना की पुनरावृत्ति की आशंका है। हाल ही में एक अन्य व्यक्ति भी सियार के हमले में घायल हुआ है। उसका इलाज भी जिला अस्पताल में चल रहा है ।इस तरह की घटनाओं की निरंतरता और गांव में व्याप्त भय ने स्थानीय प्रशासन से सुरक्षा के ठोस कदम उठाने की मांग बढ़ा दी है।

# 2030 तक दुनिया का हर पांचवां व्यक्ति बोलेगा हिंदी : प्रो.संजय द्विवेदी

## हिंदी प्रचारिणी समिति, छिंदवाड़ा के आयोजन में सम्मानित हुए प्रो.संजय

अमन लेखनी समाचार




भोपाल। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय द्विवेदी का कहना है कि 2030 तक दुनिया का हर पांचवां व्यक्ति हिंदी बोलगा। यह घटना भारत की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण बनेगी। वे छिंदवाड़ा स्थित हिंदी प्रचारिणी समिति द्वारा आयोजित हिंदी दिवस समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रो.द्विवेदी और साहित्यकार डा.मनीषा जैन का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, मंत्री श्याम सुंदर चांडक, डा.दिलीप खरे, पूर्व विधायक चौधरी गंभीर सिंह, भाजपा नेता शैलेन्द्र रघुवंशी, नवनीत व्यास, प्रकाश साव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रो.द्विवेदी ने कहा कि हिंदी और भारतीय भाषाओं का यह अमृतकाल है, जिसमें वे वैश्विक पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा समाज स्वभाव से बहुभाषी है, इसलिए भारतीय भाषाओं के बीच अंतर संवाद हजारों वर्षों से बना हुआ है। यह समान संवेदना हमें विविध भारतीय भाषाओं के साहित्य ने दी है। उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक सोच और आत्मदैन्य से मुक्ति ही भारतीय भाषाओं के सम्मान का मार्ग प्रशस्त करेगी। उल्लेखनीय है कि हिंदी प्रचारिणी समिति, छिंदवाड़ा की स्थापना 1935 में की गई थी। पिछले 9 दशक से यह संस्था पुस्तकालय, वाचनालय, विद्यालय संचालन सहित विभिन्न गतिविधियों से हिंदी सेवा में संलग्न है।

# हत्या के प्रयास में तमंचा कारतूस सहित दो युवक गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 जंगबहादुर यादव थाना रामगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर आर्म्स एक्ट थाना रामगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्तों में एक सुभाषचन्द्र यादव .संदीप यादव उर्फ बलराम यादव सोनारी थाना रामगंज जनपद अमेठी को बैरघाट के पास से गिरफ्तार किया गया घटना में प्रयुक्त 01 तमंचा कारतूस टीवीएस मोटरसाइकिल बरामद किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में रामगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# यू ही नही कहते अखिलेश सिंह पर्वत को ब्लड मैन

## अपने 33 वें जन्मदिन पर अखिलेश सिंह पर्वत ने किया 37 वां रक्तदान..

अमन लेखनी समाचार





अखिलेश सिंह पर्वत सुल्तानपुर

सुल्तानपुर कहते हैं कि अपने लिए तो हर कोई जीता है लेकिन दुनिया में कुछ लोग ऐसे हैं जो दूसरों के लिए ही जीते हैं ।पिछले दस सालों से ऐसा देखने को मिल रहा है ।आज जहां लोग अपने जन्मदिन पर केक काटते और पार्टी करते हैं वही समाजसेवी अखिलेश सिंह पर्वत अपने जन्मदिन पर ब्लड डोनेट कर जन्मदिन मनाते है ।आज पुनः जनपद सुल्तानपुर के चर्चित समाजसेवी अखिलेश सिंह पर्वत ने अपने 33 वें जन्मदिन पर जीवन का 37 वां रक्तदान किए ।आपको बताते चलें समाजसेवी अखिलेश सिंह पर्वत पिछले दस वर्षों से लगातार अपने दोस्तों,सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से 1289 यूनिट ब्लड जरूरतमंदों को दिलवा चुके हैं ।अखिलेश सिंह पर्वत कोरोनाकाल में 275 दिन लगातार गरीबों असहायों की मदद कर रिकॉर्ड बना चुके हैं ।अखिलेश अबतक जनपद सुल्तानपुर के हजारों लोगो की मदद कर कीर्तिमान स्थापित कर चुके है ।अखिलेश के सामाजिक कार्यों की चर्चा आमजनमानस में बनी रहती है ।अखिलेश की गिनती बहुत ही जुझारू समाजसेवी में होती है जिस भी मुहिम को शुरू करते है वो मुहिम आंदोलन का रूप ले लेती है ।अखिलेश के जन्मदिन पर जनपद सुल्तानपुर और देश के कोने कोने से फोन कॉल,फेसबुक,व्हाट्स ऐप और इंस्टाग्राम पर हजारों लोगों के बधाई प्राप्त हो रहे हैं ।अखिलेश सिंह पर्वत स्व माता बदल सिंह सेवा ट्रस्ट,स्व राजेंद्र सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष और घर सुल्तानपुर फाउंडेशन के सदस्य हैं ।अपने रक्तदान की शुरूवात घर सुल्तानपुर फाउंडेशन से शिवकांत पांडेय,नितिन मिश्र और जसवंत सिंह रज्जन के नेतृत्व में किए थे ।अब तक समाजसेवी अखिलेश 37 बार रक्तदान कर चुके है ।।

# मांगे पूरी होने के बाद भीम यादव ने तोड़ा अपना अनशन

अमन लेखनी समाचार



अमेठी के ब्लॉक संग्रामपुर के ग्राम सभा बनवीरपुर की है जहां पर भीम यादव लगातार 3 दिन से अनशन पर बैठे थे। जिनकी मांगे थी कि हमें रास्ता मिले और हमारे छोटे भाई को जो की आवास के लिए पात्र है उनको आवास दिया जाए ।इन सब मांगों को लेकर लगातार ब्लॉक कर्मचारी अधिकारी खंड विकास अधिकारी शिवपूजन भारतीय लगे हुए थे। जिसके तहत सुबह अनशन के चौथे दिन उनकी मांगों को पूरा किया गया। उनका रास्ता दिया गया और आवास दिलाने के लिए आश्वासन दिया गया। अपनी मांगे पूरी होने के बाद भीम यादव ने अपना अनशन तोड़ा और जनपद के अधिकारियों कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

# जंगली जानवरों ने पशुबाडे में घुसकर भेड़ों पर किया हमला

## दो दर्जन से अधिक भेडों को मौत के घाट उतारा,एक दर्जन के आसपास भेडों के बच्चे लापता

अमन लेखनी समाचार



मौदहा, हमीरपुर। मौदहा तहसील के थाना बिंवार अंतर्गत गांव पाटनपुर में शनिवार को जंगली जानवरों ने पशुबाडे में घुसकर भेडों पर जानलेवा हमला करके लगभग दो दर्जन से अधिक भेडों को मौत के घाट उतार दिया है ।जबकि भेडों के एक दर्जन बच्चे भी लापता हुए हैं ।इस घटना की जानकारी जैसे ही गांव मे फैली तैसे ही पूरे गांव में हडकंप मच गया यहां के डरे सहमे लोगों ने स्थानीय पुलिस को इस घटना की सूचना दी सूचना मिलने पर वनविभाग के अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच पडताल शुरू की।

बिवांर थानाक्षेत्र के पाटनपुर गांव निवासी लल्ला पाल हर रोज की तरह अपनी भेडों को पशुबाडे में बांधकर अपने घर चला गया था तभी शनिवार की देर रात जंगली जानवरों ने पशुबाडे में घुसकर भेडों पर हमला कर दिया और खूंखार जानवरों ने लगभग दो दर्जन भेडों को मौत के घाट उतार दिया ।बताया जाता है कि खूंखार जानवरों ने भेडों के गर्भ से निकाल कर उनके बच्चों को भी अपना निवाला बनाया है ।जब सुबह लल्ला पाल अपने पशुबाडे पहुंचा तब वहां यह सब देखकर उसके होश उड गए ।उसने देखा की एक दर्जन के आसपास भेडों के छोटे छोटे बच्चे भी लापता हैं ।इसी बीच घटना की जानकारी गांव में फैली तब गांव के लोग इकट्ठा हुए और फिर इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई ।स्थानीय पुलिस वन विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची और मामले की जांच पडताल की ।बिवांर थाने के एसएचओ धर्मेंद्र सिंह ने बताया की ग्रामीणों द्वारा उन्हें इस मामले की जानकारी मिली थी जिसके बाद वह पुलिस टीम व वनविभाग के अधिकारियों साथ मौके पर पहुंचे थे ।जांच पडताल में ऐसा सामने आया है कि जंगली आदमखोर सियारों ने इस घटना को अंजाम दिया है। वन विभाग के अधिकारियों ने सभी भेडों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# विभिन्न स्कूलों से चोरी के सिलेण्डर अन्य सामान सहित 02 युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मुंशीगंज अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 राजकुमार यादव थाना मुंशीगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना प 02 अभियुक्तों विकास कुमार वनवासी निवासी गमड़ेरिका श्यामलाल वनवासी ग्राम सरूवांवा थाना मुंशीगंज सुरुवांवा के पास से गिरफ्तार किया गया पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि रात में प्राइमरी विद्यालय किटियांवा से एक गैस सिलिण्डर इण्डेन का, 15 थाली स्टील की, 02 परात छोटी, 01 परात बडी, 08 गिलास स्टील की, 2 बोरी गेहूँ (कुल 45 कि0ग्रा0), एक बोरी चावल (32 किग्रा) व एक गैस चूल्हा रेगुलेटर के साथ चुराया था

# विरक्त आश्रम में चंदन के पौधे रोपित कर वाटिका का किया नामकरण



**लगाए गए लाल व सफेद चंदन के पौधे**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वावधान में रविवार को कस्बे के विरक्त आश्रम में चंदन के पौधे रोपित कर चंदन वाटिका की स्थापना की गई। भाजपा के जिला मंत्री पुष्पराज सोनी ने चार चंदन के पौधे रोपित कर संरक्षित करने का संकल्प लिया। पर्यावरण संरक्षण समिति कस्बे को हराभरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी अभियान के तहत रविवार को तपोभूमि के विरक्त आश्रम में भाजपा के जिला मंत्री पुष्पराज सोनी ने लाल व सफेद चंदन के चार पौधे रोपित कर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर समिति के संरक्षक मुनीर खान, उपाध्यक्ष डॉ देवीदीन अविनाशी, पवन ट्रेलर, सचिव राजेश सहारा, कोषाध्यक्ष शिवम सिंह, रज्जू गुप्ता, उषा गुप्ता, कुलदीप, शिवकुमार, रामआसरे, सुंदरलाल फौजी, गोविंद ,रामनारायण, शिवकुमार ,शारदा सहित अन्य पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



इसे अपना अस्तित्व बचाने का संघर्ष कहा जाए, खुद को बेहतर साबित करने का द्वंद्व या अधिक से अधिक सुख-सुविधाएं हासिल करने की जद्दोजहद, आज अधिकांश काम-काजी इंसान ओवर वर्क-प्रेशर से हैरान है, परेशान है। मानव सभ्यता के विकास में कभी भी इंसान ने इतना काम नहीं किया, जितना आज कर रहा है। लेकिन सवाल है, इतना काम करने के बाद भी क्या इंसान पूरी तरह खुश, संतुष्ट और आनंदित जीवन जी पा रहा है?

{ कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम }


# ओवर वर्क-प्रेशर का इफेक्ट
# हैरान-परेशान है हर इंसान

इस बात में कोई दो राय नहीं है कि दुनिया में ज्यादातर लोग इस दौर में काम के बोझ से दबे हांफ रहे हैं। अधिकांश लोग तो इस प्रेशर को झेलते रहते हैं और अपने काम को अंजाम देते रहते हैं लेकिन कुछ लोग इसे सह नहीं पाते और तनाव या अवसाद के शिकार हो जाते हैं। कई बार अपने जीवन का अंत भी कर लेते हैं। इंसान ही नहीं अब तो यहां तक माना जाने लगा है कि मशीनी मानव भी वर्कप्रेशर ना झेल पाने के कारण सुसाइड कर सकता है। (इससे संबंधित घटना की जानकारी के लिए बॉक्स देखें।)

### सर्वाधिक काम कर रहा वर्तमान इंसान

हकीकत यह है कि इस समय धरती पर रहने वाला इंसान, जितना ज्यादा काम करता है, इतना काम इंसानी प्रजाति ने अपने समूचे इतिहास में कभी नहीं किया। फोर्ब्स, सीएनबीसी और आईएनसी डॉट कॉम जैसे दुनिया के महत्वपूर्ण मीडिया संस्थानों से जुड़ी लेखिका, पत्रकार और अनेक विषयों पर लिखने वाली जेसिका स्टिलमैन ने अपने एक विश्वविख्यात शोधपूर्ण लेख में लिखा है, 'मानव इतिहास के 95 प्रतिशत समय में हमारे पूर्वजों ने सप्ताह में सिर्फ 15 घंटे काम किया है। क्या हम इस स्थिति को फिर से वापस हासिल कर सकते हैं? क्योंकि आज पूरी दुनिया में जो सबसे आदर्श कार्य सप्ताह है, वह भी 40 घंटे का है।'

अगर दुनिया के ज्यादातर देशों, खासकर भारत जैसे विकासशील देशों में देखें तो यहां आदर्श कार्य सप्ताह कम से कम 48 घंटे का है। कुछ महीनों पहले एन. नारायण मूर्ति जैसी कॉरपोरेट हस्ती ने तो भारतीय युवकों को सुझाव दिया था कि उन्हें सप्ताह में कम से कम 70 घंटे काम करना चाहिए। अगर हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिनचर्या देखें, तब तो हमें हर सप्ताह कम से कम 120 घंटे काम करना चाहिए। क्योंकि माना जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी पूरे साल हर दिन औसतन 20 घंटे काम करते हैं। यह विलक्षण क्षमता किसी-किसी में हो सकती है। बहरहाल, इन आंकड़ों को अगर हम अपने पूर्वजों की जिंदगी से तुलना कर देखें तो जमीन-आसमान का फर्क नजर आएगा। क्योंकि हमारे पूर्वज पूरे सात दिन के सप्ताह में महज 15 घंटे तक काम करते थे। इसके बाद वो आराम करते थे। जब मानव पूर्वजों की बात की जाती है तो याद रखिए इतिहास बताता है कि आदमी अपने वर्तमान रूप में भी करीब 10 हजार सालों से मौजूद है और अगर आधुनिक मनुष्य के समूचे इतिहास की बात करें तो इसके लिए हमें कम से कम 3 लाख साल पीछे जाना पड़ेगा, क्योंकि धरती पर आधुनिक मनुष्य की मौजूदगी 3 लाख साल से है।



### कई घंटे होते हैं काम में खर्च

इतिहास के शोधार्थी बताते हैं कि हमारे शिकारी पूर्वज हर सप्ताह महज 15 घंटे काम करते थे, तो इसमें उनके सारे काम शामिल होते थे। आज के इंसान की तरह काम करने का मतलब 8 या 10 घंटे की ड्यूटी करना भर नहीं था। आज के इंसान की रोजमर्रा की जिंदगी में 8 से 10 घंटे की ड्यूटी के अलावा, घर में आकर भी काम करना शामिल होता है और घर से कार्यस्थल तक जाना और कार्यस्थल से वापस घर तक आना भी एक तरह से काम के घंटे ही हैं। इस लिहाज से देखें तो आज का इंसान साल में कम से कम 3000 घंटे तो ड्यूटी के रूप में ही काम करता है और फिर लगभग इतने ही घंटे बिना किसी हिसाब किताब का काम करता है यानी, आज का एक आधुनिक शहरी इंसान सालभर में कम से कम 6000 घंटे तो काम करता ही करता है। अगर मान लें कि 52 साप्ताहिक अवकाश के दिनों पर वह 8 घंटे दफ्तर का काम नहीं करता, तो भी घर के काम तो उसे उस दिन भी करने ही पड़ते हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि बढ़ता काम कभी खत्म ही नहीं होता यानी, काम से हम जबरदस्ती छुट्टी लेना चाहें तो भले ले लें, लेकिन काम हमें छुट्टी नहीं देता। शायद इसीलिए किसी शायर ने लिखा है, 'उसको छुट्टी न मिली, जिसको सबक याद हुआ।'

### इसलिए करते हैं भरपूर काम

सवाल उठता है कि आखिर आज का इंसान इतना ज्यादा काम क्यों करता है? क्या वह पूर्वजों से ज्यादा एंज्वॉय करता है? क्या वह पूर्वजों से ज्यादा जीता है और क्या वह पूर्वजों से ज्यादा रचनात्मक है? इन सभी सवालों के जवाब एकदम से ना तो 'हां' हैं और ना ही, 'नहीं'। क्योंकि इसमें कोई दो राय नहीं है कि इंसान बहुत काम करके, बहुत सारी तकनीकी उन्नति हासिल करके आज बिना आशंका और हर रोज का संघर्ष झेले बिना, सुनिश्चित रूप से अच्छा खाता है। मेडिकल सुविधाओं के कारण वह पहले से ज्यादा जीता है और हां, उसकी रचनात्मकता के आयाम भी पहले से कहीं विस्तृत हुए हैं।

### हमारे पूर्वज थे अधिक संतुष्ट

हालांकि हमारे कामों को विशुद्ध आराम, विशुद्ध आनंद और विशुद्ध रचनात्मकता की कसौटी पर अगर कसकर देखें तो हम वास्तव में इनका सुख नहीं उठा पा रहे हैं। क्योंकि अतीत में जब इंसान के पास अपने लिए बहुत ज्यादा समय था, उस दौर में भी कुछ लोग बहुत अच्छा जीते थे। हां कुछ लोग जरूर आधुनिक ज्ञान और सुविधाओं के अभाव में बहुत कम जी पाते थे। तब के लोग आज से ज्यादा पौष्टिक और शरीर के अनुकूल भोजन करते थे। हां, हर दिन उन्हें यह बिना संघर्ष किए मिलना सुनिश्चित नहीं था। अगर उनके जीवन को आनंद की कसौटी पर कसें तो उनका आनंद विशुद्ध आनंद था, बिना किसी डर, आशंका या निवेश के, जो आज के बहुत से गणितीय समीकरणों से घिरे आनंद के मुकाबले बेहतर था। ऐसे में कहा जा सकता है, हां, बहुत कम काम करके हमारे पूर्वज हमसे बेहतर खाते, जीते और आनंद उठाते थे। आज बेशक हमारे पास जीवन जीने की बेशुमार सुविधाएं हैं। उन्हें हासिल करने के लिए ही हम इतना काम करते हैं लेकिन वास्तविक संतुष्टि के बजाय तनाव के साथ प्रायः जीते रहते हैं। *

### वर्कलोड से परेशान रोबोट ने किया सुसाइड



हालांकि दुनिया में करीब 1205 लोग हर रोज आत्महत्याएं करते हैं। लेकिन 26 जून 2024 को आई आत्महत्या की एक खबर ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया। दरअसल, यह आत्महत्या किसी इंसान ने नहीं, बल्कि माना जा रहा है कि रोबोट ने की। जी हां, मशीनी मानव ने। दुनिया में किसी रोबोट द्वारा आत्महत्या किए जाने की यह पहली ज्ञात घटना है। हालांकि अभी इसकी अंतिम रूप से पुष्टि होनी बाकी है कि क्या वाकई स्टील और फाइबर बॉडी वाले रोबोट ने आत्महत्या की है? बहरहाल, खबर के मुताबिक काम के बोझ से दबे और प्रेशर ना झेल पाने के कारण दक्षिण कोरिया के गुमी शहर के नगर निकाय में सुबह 9 से शाम 6 बजे तक की ड्यूटी करने वाले साइबोर्ग नाम के इस रोबोट ने 6 फुट ऊंची सीढ़ियों से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। इस दफ्तर के लोगों को ऐसा इसलिए लगता है कि साइबोर्ग ने आत्महत्या की, क्योंकि लोगों के मुताबिक जिस दिन उसने ऐसा किया, उसके पहले वह काफी परेशान दिख रहा था और आत्महत्या की घटना को अंजाम देने के पहले बड़ी बेचैनी से एक ही जगह पर चक्कर लगा रहा था।

इस साइबोर्ग नामक रोबोट को अगस्त 2023 में गुमी की सिटी काउंसिल में ऑफिसर के तौर पर चुना गया था। उसका काम नगर पालिका की विशाल इमारत में फाइलों को इधर से उधर भेजना था। इन फाइलों में आमतौर पर प्रमोशन की जानकारियां होती थीं। हालांकि साइबोर्ग को यह अधिकार था कि वह अपने लिए लिफ्ट बुलाकर अपने आप अलग-अलग मंजिलों में आ जा सकता था। लेकिन उसने यह नहीं किया सीढ़ियों के रास्ते अपने काम को अंजाम देता रहा और फिर काम के बोझ से ऊबकर आत्महत्या कर ली।

# सिर्फ सुनने-देखने से नहीं
# करने से होगा कोई काम

आज के दौर में अनेक लोग, खासकर किशोर और युवा, कुछ सार्थक करने के बजाय अपना अधिकांश समय सोशल मीडिया पर देखने-सुनने में खर्च कर देते हैं। सोचा हुआ लक्ष्य पाने या मनचाही उपलब्धि के लिए प्लानिंग के साथ सही दिशा में एक्टिव होना बहुत जरूरी है।




{ लाइफस्टाइल / डॉ. मोनिका शर्मा }

इससे तो बस बातें करवा लो...' 'अरे! कहते ही रहोगे या कुछ करोगे भी...।' 'बातें बनाना छोड़कर काम में लगो तो कुछ कर सकोगे।'

आलस में घिरे और बहुत कुछ करने की योजनाएं भर बनाते रहने वाले लोगों को अकसर ऐसी बातें सुनने को मिलती हैं। हर दिन नई योजनाएं, हर पल नया विचार। समस्या यह कि बात आगे नहीं बढ़ती। बढ़े भी कैसे? सिर्फ योजना बनाने से ही तो लक्ष्य नहीं पाए जा सकते। ढुलमुल रवैया छोड़कर उस राह पर आगे भी बढ़ना होता है।

**समय हो रहा बर्बाद:** विचारणीय है कि सोशल मीडिया पर पल-पल दिखता कंटेंट, सूचनाएं और सही-गलत जानकारियां लोगों की इस आलसी प्रवृत्ति को और बढ़ा रहे हैं। हम बहुत से विषयों के बारे में जान-समझ तो रहे हैं, पर क्रियाशीलता के मोर्चे पर पीछे छूट रहे हैं। ध्यान रहे कि शारीरिक कसरत हो या अकादमिक सक्रियता। मन को शांत-सहज रखने के प्रयास हों या घर आंगन की संभाल-देखभाल। इनसे जुड़े रील या वीडियोज देखते रहना केवल समय बर्बाद करता है। बीते कुछ वर्षों से हमारे यहां हर आयु वर्ग के लोग रील्स देखने में काफी वक्त बर्बाद कर रहे हैं। सोशल मीडिया स्क्रॉलिंग में अपना टाइम लगा रहे है। आंकड़े बताते हैं कि हर भारतीय औसतन 38-40 मिनट रोज रील्स देखने में ही लगा रहा है। रेडसीर स्ट्रेटजी की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में हर स्मार्टफोन यूजर औसतन 2.5 घंटे मनोरंजन के लिए मोबाइल स्क्रीन स्क्रॉल करता है। इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा के आंकड़ों के अनुसार इस एप पर आने वाले लोग अपना 20 प्रतिशत समय रील्स वीडियो देखने में ही बिताते हैं। गौर करने वाली बात यह है कि अधिकतर लोग रील्स में बेहतर सेहत, कसरत, हॉबी, आर्ट, फिजिकल-मेंटल स्वास्थ्य की संभाल से जुड़ा कंटेंट ही देखते हैं। ऐसे में यूं सब कुछ देखने में समय लगाने के बजाय अपनी पसंद और जरूरत को समझकर उस काम को करने की दिशा में क्रियाशील बनना, कहीं अधिक आवश्यक और कारगर है। याद रहे, असल जीवन में तो बदलाव आपके एक्टिव होकर कदम उठाने से ही आएगा।





**सेल्फ रेग्युलेशन है जरूरी:** सेल्फ रेग्युलेशन यानी स्वनियमन का सीधा अर्थ है कि जीवन में खुद के बनाए कुछ नियम भी हों। वे रूल्स जिन्हें निभाने की प्रतिबद्धता भी स्वयं ही तय करनी होती है। दरअसल, काम-काजी जीवन हो या व्यक्तिगत मोर्चा, हम दूसरों के बनाए नियम निभा लेते हैं। घर, सड़क, मॉल, मूवी थिएटर, हर जगह समयबद्ध रहते हैं। नियमों का पालन भी कर लेते हैं। इस बाहरी नियमन की तरह ही मन-मस्तिष्क के मोर्चे पर भी स्वयं अपनी ही ऊर्जा को साधना जरूरी है। खुद की बनाई नियमावली पर टिके रहना भी आवश्यक है। सच तो यह है कि अनगिनत सुविधाओं और तकनीकी विस्तार की भीड़ में अब सेल्फ रेग्युलेशन और जरूरी हो गया है। अपने लिए कुछ नियम तय करना और निभाने के लिए विशेष प्रतिबद्धता रखना भी आज के समय की जरूरत है। इसके बिना मन के भटकाव को रोकना और सही दिशा चुनकर आगे बढ़ पाना मुश्किल है। सही योजना और कार्यशक्ति के बावजूद सेल्फ रेग्युलेशन का अभाव, कुछ बेहतर करने की राह में सबसे बड़ी बाधा बनता है।

**तय हों प्राथमिकताएं:** आज की जीवनशैली में दिखाने-बताने की अति में वह सब कुछ छूट रहा है, जो हमारी प्राथमिकताओं में होना चाहिए। वर्चुअल व्यस्तता में प्रैक्टिकली कोई बदलाव करने के प्रयास अब कम होते जा रहे हैं। सामाजिक मोर्चा हो या व्यक्तिगत जीवन, कहना-बताना ही ज्यादा होता जा रहा है। इसलिए अपनी प्राथमिकताओं को चुनकर ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। असल में अपनी प्राथमिकताओं को तय ना किया जाए तो आज नहीं कल कर लेंगे वाले फेर में कोताही करने की आदत बन जाती है। समय का मोल समझ नहीं आता। स्टीवन कोवे की किताब 'द सेवन हैबिट्स ऑफ हाइली इफेक्टिव पीपल' के मुताबिक अपने कामों की फेहरिस्त में हर कार्य के महत्व और अरजेंसी को भी ध्यान में रखें। स्टीवन ने प्राथमिकताओं को चार भागों में बांटकर समझाया है। इंपॉर्टेंट और अरजेंट, इंपॉर्टेंट पर नॉट अरजेंट, इंपॉर्टेंट ना होकर भी अरजेंट काम और नॉट इंपॉर्टेंट, नॉट अरजेंट। स्टीवन ने सबसे ज्यादा समय पहले और दूसरे तरह के काम को देने के लिए कहा है। निस्संदेह, कामों की सूची बनाकर उनकी रैंकिंग करना जरूरी भी है। पर्सनल मैनेजमेंट के लिए अपनी प्रायोरिटीज तय करना सबसे पहला कदम है।

**नोटिस कीजिए बदलाव:** हर तरह के कंटेंट को देखने-सुनने पर लगाम लगाकर अपनी एक्टिविटीज को पूरा करने का प्रैक्टिकल रास्ता चुनें। इस दौरान अपने आप में आ रहे सकारात्मक बदलाव को नोटिस कीजिए। पेंडिंग कामों को एक के बाद एक निपटाते हुए आपको एक अलग ही सुकून महसूस होगा। धीरे-धीरे काम करने की गति और रुचि भी बढ़ेगी। मन के सुकून और बढ़ती सक्रियता से जुड़े इन बदलावों पर ध्यान दीजिए। ऐसे पॉजिटिव बदलाव आपके हर काम को और गति देंगे। समय गंवाने के बजाय नियमित अपने काम समय पर पूरे करना मन की संतुष्टि देने वाला होता है। *

{ कविता / हरीश कुमार 'अमित' }

## भ्रम



होता है जरूरी, बेहद जरूरी
होना कुछ भ्रमों का
जिंदा रहने के लिए,
दिखाते हैं भ्रम हमें
ऐसे रंगीन सपने
खोकर जिनकी भूल-भुलैया में
भूले रहते हैं हम
अपनी जिंदगी की
बहुत-सी कड़वी सच्चाइयां
होती है बड़ी तकलीफ
किसी भ्रम के टूट जाने पर,
इसलिए गलत नहीं होता
करना गुमान
अपने भ्रमों पर।

{ व्यंग्य / सतीश सिंह }

डॉक्टर और दवाखाना वाले तो अधिकांशतः तोंदुलों के रहमो-करम पर जिंदा हैं। मिठाई, पिज्जा, बर्गर, गोलगप्पे और समोसा-चाट, जलेबी, पूरी-कचौड़ी और मोमोज-चाउमीन आदि बेचने वालों की दुकान भी तोंदुल ही चला रहे हैं। कपड़े बेचने वाले, दर्जी आदि के मुनाफे को बढ़ाने में भी इस प्रजाति की अहम भूमिका है।

# तोंद की महिमा



हिंदू शास्त्रों में समय को चार युगों यथा-सतयुग, त्रेता युग, द्वापर युग और कलयुग में बांटा गया है। विद्वानों के अनुसार अभी कलयुग चल रहा है। लेकिन मौजूदा समय को 'तोंदुल युग' भी कहा जा सकता है। हालांकि इन्हें किसी कालखंड में नहीं बांधा जा सकता है, क्योंकि तोंदुलों का अस्तित्व प्राचीन काल से बना हुआ है। इस मामले में ये कॉकरोचों को भी पीछे छोड़ चुके हैं। आज ये बहुसंख्यक हैं और देश को चलाने में इनकी अहम भूमिका है। इतना ही नहीं ऊर्जावान और क्षमतावान होने की वजह से दुनिया भर में इनकी तूती बोल रही है।

एक जमाना था जब तोंदुल की श्रेष्ठता से जलने-भुनने वाले इनकी महिमामंडन करने से बचते थे। लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि तोंदुलों के एहसान को माना जाए, उनकी अहमियत को समझा जाए, बेवजह उनकी लालत-मलामात नहीं की जाए, हमेशा श्रद्धा भाव से उनका इस्तकबाल किया जाए।

दुनिया में तोंदुलों के महत्व को या उनकी महिमा को सिर्फ इथोपिया जैसा देश ही समझ सका है, जहां निवास करने वाले बोदी जनजाति में जिस पुरुष का तोंद सबसे ज्यादा बढ़ा हुआ होता है, उसे सबसे सुंदर या हैंडसम माना जाता है। वहां सभी पुरुष हमेशा तोंद बढ़ाने की जुगत में रहते हैं। बड़े-बड़े तोंद पर लड़कियां मरती हैं, जान छिड़कती हैं। मोटे पुरुषों के लिए सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, सबसे मोटे पुरुष को विजेता घोषित करके उनका मान-सम्मान किया जाता है। साथ ही साथ उन्हें पुरस्कार के रूप में एक मोटी राशि दी जाती है।

वर्तमान में तस्वीर थोड़ी बदल गई है। राजा अर्थात नेता यानी अधिकांश सांसद, विधायक, मंत्री आदि तोंदुल बन गए हैं। देश यही चला रहे हैं। नेता को इस मामले से अगर अलग कर दें तो भी रोजगार सृजन का कार्यभार तोंदुलों ने अपने कंधों पर ले रखा है।

डॉक्टर और दवाखाना वाले तो अधिकांशतः तोंदुलों के रहमों-करम पर जिंदा हैं। मिठाई, पिज्जा, बर्गर, गोलगप्पे और समोसा-चाट, जलेबी, पूरी-कचौड़ी और मोमोज-चाउमीन आदि बेचने वालों की दुकान भी तोंदुल ही चला रहे हैं। कपड़े बेचने वाले, दर्जी आदि के मुनाफे को बढ़ाने में भी इस प्रजाति की अहम भूमिका है। जिम चलाने वाले, स्लिमिंग मशीन का कारोबार करने वाले कारोबारी तोंदुलों की वजह से ही चांदी काट रहे हैं। ये लोग करोड़ों-अरबों रुपए के वारे-न्यारे कर रहे हैं। सिर्फ एक-दो किलोग्राम वजन कम करने के लिए तोंदुल डॉक्टरों और कारोबारियों की मोटी रकम से जेब गरम कर रहे हैं।

बड़ी संख्या में महिलाएं तोंदुल पति की वजह से ही आज चैन की नींद सो पा रही हैं। पति की जासूसी करवाने की भी टेंशन उन्हें नहीं रहती है। पति की सेक्रेटरी सुंदर कन्या के रहने पर उन्हें डर नहीं लगता है। कभी बुरे सपने नहीं आते हैं। तोंदुल पति इधर-उधर मुंह नहीं मारेगा और चर्बीदार-गुब्बारे जैसे फूले पेट वाले पति को कोई भी कन्या घास नहीं डालेगी का भरोसा पत्नी के मन में सर्वदा बना रहता है। हां, एकाध प्रतिशत कोई चंट या तेज-तर्रार लड़की पैसों के चक्कर में तोंदुल पति पर डोरे डालने की कोशिश करती भी है तो आसानी से पत्नी बेलन से या गालियों की बौछार से उसका छीछालेदर कर देती है।

इश्क के चक्कर से बचे रहना, लड़की के चक्कर में पत्नी से लड़ाई नहीं होना, काम पर फोकस बने रहना, हमेशा मनपसंद भोजन करना, कसरत करने या मॉर्निंग वॉक करने में समय बर्बाद नहीं करना, फिजिकल खेल-कूद में व्यर्थ के पैसे खर्च करने से बचा रहना, हमेशा खुश रहना आदि तोंदुल होने के ही तो फायदे हैं।

देखा जाए तो आज दुनिया तोंदुलों के रहमो-करम की वजह से ही चल रही है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के संदर्भ में देखेंगे तो इनका भारतीय अर्थव्यवस्था में कम से कम 25-30 प्रतिशत का योगदान जरूर होगा। अस्तु, अब वक्त आ गया है कि हम इन्हें हिकारत की नजरों से देखना बंद करें और तोंदुल महाराज का सोते-जागते अविरल-अविराम जयकारा लगाएं।

सचमुच! तोंद की महिमा अपरंपार है। *

{ लघुकथा / रेखा शाह आरबी }

## बोहनी



पुल को पार करते ही नरेश ने राहत की सांस ली, 'चलो पिंड छूटा इन लोगों से, अब शांति से गाड़ी चला सकूंगा।' लेकिन यह क्या, कुछ दूर चलने पर ही गाड़ी को एक पुलिस वाले ने फिर हाथ दिया, 'ऐ गाड़ी रोको-रोको...।'

गाड़ी चालक नरेश ने गाड़ी को रोक दिया, पुलिस वाले से बोला, 'साहब... पुल पर दोनों तरफ खर्चा पानी दे दिया है, अब किस लिए रोक रहे हैं?' पुलिस वाला कड़क आवाज में बोला, 'तो क्या हुआ, उन लोगों का अलग लगता है, हमारा अलग लगता है।' ड्राइवर नरेश ने अपनी मजबूरी बताई, 'लेकिन साहब महाजन ने बस पुल पार करने का खर्चा ही दिया है, यहां पर तो कभी कुछ लगता ही नहीं है, इसीलिए पैसा नहीं दिया है।' पुलिस वाला सुनने को तैयार ना था, बोला, 'वह सब मैं नहीं जानता, सुबह-सुबह का वक्त है, तुमसे ही बोहनी कर रहा हूं, बोहनी मत बिगाड़ो।' झक मार कर नरेश ने अपने नाश्ते पानी के लिए मिले पचास रुपए में से पचीस रुपए पुलिस वाले को थमा दिए और उसकी बोहनी कर दी। *

# शोषित स्त्री की दारुण कथा

{ पुस्तक चर्चा }




राजकुमार सिंह, उन लेखकों में शामिल हैं जिन्हें आम आदमी के असीम दुख-दर्द को एक प्रामाणिक रचना में तब्दील करने का हुनर आता है। इसका जीता-जागता उदाहरण है, हाल में छपकर उनका नया उपन्यास 'सुनो! सुनीला सारंग शोकगाथा,' जो दो खंडो में समाहित है। आमतौर पर हिंदी साहित्य के लेखक राजनीति को अछूत मानते हैं और उस पर लिखने से बचते हैं। लेकिन राजकुमार सिंह ने अपने इस उपन्यास में राजनीतिक व्यवस्था में अंदर तक धंसे विद्रूप को पूरी बेबाकी से अनावृत्त करने का दुस्साहस किया है। एक दबी-कुचली, उपेक्षित महिला के पतन और उत्थान के माध्यम से राजकुमार सिंह ने अपने अधिकार के प्रति सजग और सचेत होती बलात्कार पीड़िता एक स्त्री की मनोदशा और उसके द्वंद्व को बड़ी गहनता से इसमें व्यक्त किया है। *

-फीचर डेस्क

**पुस्तक:** सुनो! सुनीला सारंग शोकगाथा (दो खंडों में), **लेखक** : राजकुमार सिंह, **मूल्य:** 900 रुपए (प्रत्येक खंड), **प्रकाशक** : वैष्णो कम्युनिकेशन, दिल्ली